आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 329 -● जबलपुर ● सोमवार, 02 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

### हाथरस में बोलेरो खड़े ट्रैक्टर से टकराई; 3 की मौत, 3 घायल

**हाथरस ईएमएस ।** यूपी के हाथरस में रविवार रात मथुरा–बरेली रोड पर एक बोलेरो खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, तीन घायल बताए जा रहे हैं। सभी गंभीर रूप से घायलों को अलीगढ़ मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आरोन थाना प्रभारी रहे विनोद राठौर बर्खास्त, पुलिस

**गुना,एजेंसी।** गुना में आरोन थाना प्रभारी रहे विनोद कुमार राठौर को बर्खास्त कर दिया गया है। 14-15 मई 2022 की दरम्यानी रात शिकारियों और पुलिस मुठभे? मामले में बर्खास्तगी हुई है। आईजी - एडीजी डी. श्रीनिवास वर्मा ने तत्कालीन आरोन थाना प्रभारी विनोद सिंह राठौर की विभागीय जांच कराई थी। वर्तमान में राठौर गुना की साइबर सेल में कार्यरत थे।

## नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

# संविधान पीठ बोली- 500 और 1000 के नोट बंद करना सही

**नई दिल्ली, ईएमएस।** केंद्र सरकार के नोटबंदी के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। पांच जजों की संविधान बेंच ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बेंच ने कहा कि 500 और 1000 के नोट बंद करने की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। बेंच ने यह भी कहा कि आर्थिक फैसले को पलटा नहीं जा सकता। संविधान पीठ ने यह फैसला चार एक के बहुमत से सुनाया। नोटबंदी केस की सुनवाई करने वाली पांच जजों की बेंच में जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामसुब्रमण्यम और जस्टिस बीवी नागरत्ना शामिल थे। इनमें से जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बाकी चार जजों की राय से अलग फैसला लिखा। उन्होंने कहा कि नोटबंदी का फैसला गैरकानूनी था। इसे अध्यादेश की जगह कानून के जरिए लिया जाना था। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इससे पुराने फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा।





## पांच में से एक जज ने बताया गैरकानूनी

**संविधान पीठ बोली- सरकार ने ऋब्ढ्ढ से सलाह ली थी**

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कहा- नोटबंदी से पहले सरकार और ऋब्ढ्ढ के बीच बातचीत हुई थी। इससे यह माना जा सकता है कि नोटबंदी सरकार का मनमाना फैसला नहीं था। संविधान पीठ ने इस फैसले के साथ ही नोटबंदी के खिलाफ दाखिल सभी 58 याचिकाएं खारिज कर दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में 1000 और 500 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया था। सरकार के इस फैसले के खिलाफ 58 कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किस कानून के तहत 1000 और 500 रुपए के नोट बंद किए गए थे। कोर्ट ने इस मामले में सरकार और ऋब्ढ्ढ से जवाब तलब किया था। केंद्र सरकार ने पिछले साल 9 नवंबर को दाखिल हलफनामे में कहा था कि 500 और 1000 के नोटों की तादाद बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। इसीलिए फरवरी से लेकर नवंबर तक ऋब्ढ्ढ से विचार-विमर्श के बाद 8 नवंबर को इन नोटों को चलन से बाहर करने यानी नोटबंदी का फैसला लिया गया था।

**दो दिन बाद रिटायर होंगे संविधान पीठ के अध्यक्ष**

संविधान पीठ की अगुआई कर रहे जस्टिस एस अब्दुल नजीर फैसला सुनाने के दो दिन बाद 4 जनवरी, 2023 को रिटायर हो जाएंगे। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 26 (2) किसी विशेष मूल्यवर्ग के करेंसी नोटों को पूरी तरह से रद्द करने के लिए सरकार को अधिकृत नहीं करती है। धारा 26 (2) केंद्र को एक खास सीरीज के करेंसी नोटों को रद्द करने



## दिल्ली में दरिंदगी

# युवती को कार से टक्कर मारी 12 किमी तक घसीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के कंझावला इलाके में कार में सवार लड़कों ने 20 साल की युवती अंजलि को टक्कर मारी और फिर करीब 12 किलोमीटर तक उसे सड़क पर घसीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती की हालत यह हो गई कि उसकी सारी हड्डियां चकनाचूर हो गई और उसके तन पर एक भी कपड़ा नहीं बचा। युवती के दोनों पैर, सिर व शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह कुचल गए। दिल्ली को दहला देने वाली यह घटना उस समय सामने आई है जब नए साल के जश्न को लेकर पूरी दिल्ली पुलिस यहां तक दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा सड़कों पर थे। इसे देश की सबसे बड़ी दर्दनाक सड़क दुर्घटना बताया जा रहा है। सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है युवती के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने कार में सवार पाच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। हालांकि, हादसे में एक चश्मदीद ने दावा किया है कि उसने युवती को कार से फेंके जाते हुए देखा है। उसने वाहन का पीछा करने का दावा भी किया था।वहीं, पुलिस की अब तक की जांच में खुलासा हुआ है कि कार सवार युवकों ने स्टीरियो (म्यूजिक सिस्टम) की आवाज तेज की हुई थी। इसकी वजह से किसी को भी युवती की चीख-पुकार सुनाई नहीं दी। इस बात का खुलासा सुल्तानपुरी थाने की पुलिस ने जांच के बाद किया है। पुलिस लापरवाही से मौत की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को जब्त कर लिया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नए साल पर पार्टी करने के लिए अमित ने विजय बिहार निवासी अपने रिश्तेदार से उसकी कार मांगी थी। फिर अमित दीपक खन्ना कृष्णन, मनोज और मिथुन सभी इकट्ठे हुए। उन्होंने देर रात तक पार्टी की। आरोपियों ने बताया कि मनोज मित्तल पी ब्लॉक में रहता है। सभी उसे ही छोड़ने जा रहे थे, तभी आरोपियों की कार ने अंजलि की स्कूटी की साइड से टक्कर मार दी।वहीं, हादसे में एक चश्मदीद ने दावा किया है कि उसने युवती को कार से फेंके जाते हुए देखा है। उसने वाहन का पीछा करने का दावा भी किया। दीपक नाम के इस शख्स का दावा है कि उसने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी थी। सुल्तानपुरी इलाके में हलवाई का काम करने वाले दीपक का कहना है कि घटना के समय वह दुकान का काम रहे थे। उन्होंने खुद देखा कि युवक कार से युवती को फेंक कर भागने लगे और उसका पैर कार में फंस गया। शायद उन्हें पुलिस के आने की सूचना मिल गई थी। दीपक ने बताया कि उसने पैदल ही पीछा करना शुरू किया और रास्ते में मिले पुलिसकर्मियों को

**अधिकतर पसलियां हो गईं अलग, पिछले हिस्से में रगड़ से लगी आग; शव देख पुलिस के रोंगटे खड़े**



## पूर्व मंत्री ने किया अरुणोदय पंचाग का अवलोकन

**जबलपुर, यशभारत।** पश्चिम क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री तरुण भनोत ने घर का पडिंत अरुणोदय पंचांग का अवलोकन किया और पंचांग की विशेषताओं और उसमें संकलित महत्वपूर्ण जानकारियां देखकर अभिभूत हुए। उन्होंने पंचांग की सफलता की कामना करजे हुए यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला और रचयिता ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास को बधाई दी।

# पाली में सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 8 डिब्बे बेपटरी, 10 यात्री घायल

**जयपुर, ईएमएस।** राजस्थान के पाली में सूर्यनगरी एक्सप्रेस ट्रेन के 8 डिब्बे बेपटरी हो गए। 10 यात्रियों को मामूली चोट पहुंची है। ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से जोधपुर आ रही थी। मारवाड़ स्टेशन से रवाना होने के तत्काल बाज हादसा हुआ। तत्काल राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रेलवे के आला अधिकारी मौके पर हैं। हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया गया है। पता लगाया जा रहा है कि हादसा क्यों हुआ। सीपीआरओ, उत्तर पश्चिम रेलवे के मुताबिक, यात्रियों और संबंधित परिवार के सदस्यों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जो इस प्रकार हैं- जोधपुर के लिए- 02912654979, 02912654993, 02912624125, 02912431646 यात्री और उनके परिजन किसी भी जानकारी के लिए- 138 और 1072- पर भी संपर्क कर सकते हैं।रेलवे की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतर जाने से 11 डिब्बे प्रभावित हुए हैं।



# सीएम शिवराज सिंह चौहान आज लेंगे मंत्री और अधिकारियों की बैठक

## दे सकते हैं टारगेट, प्रवासी भारतीय सम्मेलन की तैयारियों पर होगी बात

**भोपाल यशभारत।** पुडुचेरी में तीन दिन के चिंतन से मध्य प्रदेश की तरक्की का रास्ता निकलेगा। यात्रा से सोमवार को मध्य प्रदेश लौट रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की नई इबारत लिखने के लिए रणनीति पर काम शुरू करेंगे। इसके लिए सोमवार को सभी कैबिनेट एवं राज्यमंत्री, मुख्य सचिव, सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के विकास का नया माडल रखेंगे। वे बताएंगे कि चुनावी साल में कैसे काम करना है और किन क्षेत्रों में विशेष ध्यान देना है। इसमें मंत्रियों और सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री सपरिवार 28 दिसंबर की रात पुडुचेरी गए। वहां वे महर्षि अरविंद के आश्रम में रुके और आध्यात्मिक शांति के साथ उन्होंने नए साल में सरकार की रणनीति पर भी चिंतन किया।आमतौर पर होता भी यही है, मुख्यमंत्री जब भी आध्यात्मिक या प्राकृतिक स्थान की यात्रा से लौटते हैं तो कुछ नया करते हैं। इस साल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हैं।



## पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

# अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना
अरुणोदय पंचांग






# मथुरा में विवादित स्थल के सर्वे पर कोर्ट में आज होगा घमासान

**मथुरा, ईएमएस।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही मस्जिद ईदगाह के विवाद को लेकर सोमवार का दिन अहम होने जा रहा है। आज वादी और प्रतिवादी अपने-अपने प्रार्थना पत्र मथुरा की जिला अदालत में प्रस्तुत करेंगे। शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी पहले खुद को न सुने जाने का आधार बनाकर अमीन निरीक्षण (विवादित स्थल का सर्वे) के आदेश पर रोक लगाने की मांग करेगी। वहीं कुछ मामलों के वादी खुद को पक्षकार बनाने के साथ ही सर्वे के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति कोर्ट से मांगेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में दिल्ली निवासी विष्णु गुप्ता के वाद पर अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) सोनिका वर्मा की कोर्ट ने बीती 8 दिसंबर को विवादित स्थल का अमीन निरीक्षण (सर्वे) करने का आदेश दिया है। इसकी रिपोर्ट 20 जनवरी तक कोर्ट में प्रस्तुत की जाना है।



# दामाद - सास के बीच प्यार , दोनों फरार

**सिरौही,ईएमएस।** राजस्थान के सिरोही जिले में दामाद और सास के बीच प्यार और फिर दोनों के साथ फरार हो जाने की घटना सामने आई है। दामाद ने पहले तो ससुर को खूब शराब पिलाकर बेसुध कर दिया और फिर सास को लेकर फरार हो गया। बाद में होश आने पर पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। घटना सिरोही जिले के अनादरा थाना इलाके की है।बताया जा रहा है कि यहां सियाकरा गांव में एक सास को अपने दामाद से ही प्यार हो गया। बेटी के प्रति से ही महिला का अवैध संबंध बन गया। 40 साल की सास अपने 27 साल के दामाद से शादी करना चाहती थी। दोनों ने घर से फरार होने की योजना बना ली। 30 दिसंबर को दोनों योजना के मुताबिक फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने कहा है कि उसने बेटी की शादी मामावली निवासी नारायण जोगी के साथ की थी। शादी के बाद बेटी और दामाद का घर आना जाना लगा रहता था। 30 दिसंबर को दामाद अकेले घर आए तो उनके साथ पार्टी की थी। इस दौरान दामाद ने उसे काफी शराब पिला दिया।



# जम्मू में जहां 4 हिंदू मारे गए, वहीं आज धमाका:एक बच्ची की मौत

**श्रीनगर, ईएमएस।** जम्मू के राजौरी में डांगरी गांव में सोमवार सुबह ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट हुआ। एक बच्ची की मौत हो गई। 5 घायल हैं और इनमें से एक की हालत गंभीर है। धमाका उन 3 घरों में से एक में हुआ, जहां रविवार शाम आतंकवादियों ने फायरिंग की थी। इस आतंकी हमले में 4 हिंदुओं की जान चली गई और 7 घायल हैं। ष्ठत्नक्कमुकेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। एक ढ्ढश्वष्ठ मिला था, उसे इलाके से हटा दिया गया है। सर्च ऑपरेशन चल रहा है। आशंका जाहिर की है कि रविवार शाम फायरिंग के बाद ही आतंकवादियों ने घर में ढ्ढश्वष्ठ रख दिया होगा। डांगरी में हिंदुओं की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा था। इसके खत्म होने के कुछ देर बाद ही एक घर में धमाका हुआ और अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस ने पूरा इलाका सील कर दिया है। लोगों ने बताया कि रविवार शाम आतंकवादी आए और लोगों को घरों से बाहर निकाला। वे सभी का आधार कार्ड देख रहे थे। इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हमले में सतीश कुमार (45), प्रीतम लाल (56), शिवपाल (32) की मौत हो गई। चौथे मृतक का नाम अभी सामने नहीं आया है। श्रीनगर में रविवार शाम करीब 6 बजे हवाल चौक में आतंकियों ने ष्टक्रक्कस्न के बंकर पर ग्रेनेड से हमला किया। इस हमले में जवानों को तो कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन एक नागरिक समीर अहमत मल्ला घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल इसकी कोई तस्वीर सामने नहीं आई है। रविवार सुबह पौने 12 बजे दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के राजपोरा इलाके में ष्टक्रक्कस्न के जवान से्रच-47 राइफल छीन ली गई।



### एनआईए टीम करेगी दौरा

नये साल पर दहशतगर्दी ने कश्मीर घाटी पर आतंकी हमले से हिन्दुओं में फिर खोफ पैदा करने की कोशिश की है। कल राजौरी में कुछ घरों को निशाना बनाते हुए आतंकियों ने 4 हिन्दुओं का कत्ल कर दिया। सूत्रों के अनुसार, आईडी कार्ड देखकर आतंकियों ने हिन्दुओं को चुन-चुनकर मारा। आज इस प्रकरण पर विरोध प्रदर्शन के ठीक बाद आतंकियों ने फिर आईईडी ब्लास्ट किया है। इस पूरे प्रकरण पर देशभर में उबाल है। एनआईए की टीम जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के ऊपरी डांगरी गांव का दौरा कर सकती है। इस मामले में रक्षा विशेषज्ञ पीके सहगल ने कहा है कि सेना की ओर से जवाब देना जरूरी है। अगले तीन से चार दिन में राजौरी का बदला लेना होगा।



# संस्कारधानी को नए साल में नई उम्मीदें

## मप्र के सबसे बड़े फ्लाईओवर के निर्माण पूर्ण होने के साथ ही शहर के विकास को लगेंगे पंख

**जबलपुरयशभारत।** वर्ष 2022 अपनी खट्टी मीठी यादें छोड़ गया। अब संस्कारधानी को नए वर्ष 2023 से उम्मीदें हैं। शहरवासी अब शहर में हो रहे विकास निर्माण कार्य को पूरा होता देखना चाहते हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संस्कारधानी का स्वरूप ही बदल जाएगा। शहर में ऐसे कई विकास कार्य चल रहे हैं। जिन्हें इस वर्ष और अन्य कुछ निर्माण कार्यों को 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।जिसमें प्रमुख रुप से एमपी का सबसे बड़ा फ्लाईओवर, रिंग रोड, राइट टाउन स्टेडियम, डुमना एयरपोर्ट का विस्तार, जबलपुर रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कन्वेंशन सेंटर, एनएमटी, स्मार्ट सड़कें सहित अन्य विकास कार्य है। जिसमें अधिकांश विकास कार्य इस वर्ष पूरे हो जाएंगे।यातायात को सुगम बनाने के लिए एमपी का सबसे बड़ा फ्लाईओवर जबलपुर में बनाया जा रहा हैं। 7 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर की लागत करीब 1 हजार करोड रुपए हैं। जिसके बनने के बाद यातायात व्यवस्था सुगम हो जाएगी।

### शहर में बन रहा एमपी का सबसे लंबा फ्लाईओवर

लंबाई - 7 किमी
लागत - 827 करोड़ इसके अतिरिक्त गोपालबाग से लेकर दमोहनाका तक।
कहां से कहां तक - दमोहनाका से मदनमहल तक
मदनमहल स्टेशन के ऊपर- केबल स्टे ब्रिज 38 करोड़ रुपए की लागत से।
निर्माण की अवधि - 2023-24
फ्लाईओवर के नीचे दोनों तरफ 36-36 फीट की सड़क।
फ्लाईओवर की चौड़ाई - 36 फीट
मदनमहल, रानीताल, दमोहनाका में रोटरी का निर्माण

### आधुनिक एयरपोर्ट में कनेक्टिविटी लगाएगी संस्कारधानी के विकास को पंख

डुमना एयरपोर्ट में नए साल में 2760 मीटर कानया रनवे तैयार है। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से नवे शुरू करने के लिए डीजीसीए से अनुमति मांगी जाएगी। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य 412 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसमें रन-वे की लम्बाई बढ़ाने के साथ ही नए एप्रॉन, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी की बिल्डिंग समेत अन्य कार्य किए जा रहे हैं। टर्मिनल को 500 फ्लायर्स की क्षमता का बनाया जा रहा है।आधुनिक डुमना एयरपोर्ट पर वर्तमान में जिस रनवे पर विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ कराया जा रहा है। उसकी लम्बाई 1988 मीटर है। इसी रनवे को बढ़ाया जा रहा है। जिसके बाद इस रनवे की लम्बाई 2760 मीटर हो जाएगी। जिससे बड़े विमान आसानी से यहां लैंड और टेकऑफ हो सकेंगे। डुमना एयरपोर्ट पर पहले दो एप्रान थे, लेकिन विस्तारीकरण के साथ ही संख्या भी बढ़ा दी गई। छोटे और बड़े विमानों के लिए आठ एप्रान बनाए हैं। दो का उपयोग शुरू कर दिया गया है।

### आधुनिक खेल सुविधाओं से लैस होगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स*

मिनी स्टेडियम का काम 35 करोड़ की लागत से स्मार्ट सिटी के द्वारा कराया जा रहा है। यह कार्य 2018 में शुरु होकर 2020 में पूरा होना था जो इस वर्ष पूरा हो रहा है। इसमें इनडोर गेम्स की सुविधाएं रखी गई हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले इस आलीशान कॉम्प्लेक्स में आधा दर्जन से अधिक खेलों के लिए तैयार किया जा रहा है। राइट टाउन स्टेडियम परिसर में स्थापना बनने वाला ये प्रोजेक्ट 3 साल लेट है पर 2023 में पूरा होना इसका तय है। काम पूरा हो चुका है बताया जा रहा है कि मार्च के पहले इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा।

### *सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होगा कन्वेंशन सेंटर

लंबे समय से शहर को कन्वेंशन सेंटर की जरूरत थी जो 57 करोड़ रु. से बनकर घंटाघर के पास तैयार हो चुका है। शहर के है। शहर के कलाकारों को सांस्कृतिक गतिविधियां एक छत के नीचे मुहैया करवाने निर्मित कन्वेंशन सेंटर में 3 ऑडीटोरियम हॉल 900 दर्शकों की क्षमता के साथ बनकर तैयार है। स्मार्ट सिटी से होने वाले इस प्रोजेक्ट को भी मार्च के पहले शहर की जनता को सौंपने की तैयारी पूरी हो चुकी है।





# विधायक रोहाणी द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा, सम्मान

## कैंट विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में बांटे कंबल

**जबलपुर, यशभारत।** स्व.दादा ईश्वरदास रोहाणी द्वारा शुरू किए गए पीड़ित मानवता की सेवा कार्य को कैंट क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए कैंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी द्वारा कैंट क्षेत्र के समस्त वार्डों में जाकर शॉल एवं कंबलों से नागरिकों का सम्मान किया गया एवं नववर्ष के अवसर पर सभी नागरिकों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया।इसी तारतम्य में आज रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्र 66 में कंबल वितरित कर कंबल वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ,क्षेत्रीय पार्षद कृष्णा दास चौधरी , मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा , पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल , श्रीमती अनुराधा उपाध्याय , वार्ड संयोजक संतोष रजक , संतोष यादव , मेवालाल यादव , संजय ठाकुर , श्रीमती पुष्पा तिवारी , पवन यादव , नंदलाल चौधरी जी, सौरभ गोयल , दीपक पवार , बृजलाल चौधरी , अनिल प्रताप ठाकुर , डॉ अशोक यादव , संतोष चौधरी , श्रीमती अरुणा कुशवाहा , श्रीमती वंदना विनोदिया ,श्रीमती दुर्गा मिश्रा, दिलीप सेन , धनपत झारिया, मोनू सेन,राजू चौकसे , पिंकू दाहिया , सोनू गोटिया ,आनंद चौधरी ,राकेश पासी जी, , गुलजार , राजकुमार बंशकार , अरुण महतो , विजय दाहिया सहित सभी क्षेत्रीयजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# आराध्य के प्रति निस्वार्थ भक्ति हो तो कल्याण सुनिश्चित :भागवताचार्य अनूपदेव



**जबलपुर यशभारत।** जीवन में प्रति दिन,प्रति पल निस्वार्थ भाव से आराध्य की भक्ति आराधना करने से कल्याण सुनिश्चित होता है। भक्त को इष्ट देव को बाल सखा मानकर अपने सुख-दुख में सहभागी बनाना चाहिए । परमात्मा से सखा भाव रखने से सच्चे मित्र की भांति प्रभु हर आवश्यकता को पूर्ण करते हैं। सुदामा की भांति नित्य प्रति दान की भावना होना चाहिए सिर्फ याचना नहीं । निरंतर हरि नाम स्मरण करने से जीवन में सुख समृद्धि परमात्मा स्वयं प्रदान करते हैं उक्त उद्गार भागवताचार्य श्री अनूपदेव जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र के प्रसंग में श्री राम मंदिर मदन महल में कहे।श्रीमद्भागवत कथा पुराण में पं राम कुशल पांडे मुख्य यजमान सुभाष चंद्र खत्री एवं श्रीमति अंजू खत्री ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन आरती की।श्रीमद्भागवत कथा पुराण में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी जी, गुलशन मखीजा, मनोज नारंग, विध्येश भापकर, गीता पांडे, रोशनी नारंग, मीना महाजन, विजया अरोरा, सुदेश खुराना, ऋषि, मनीष पोपली, गुरूदास मल शर्मा, जवाहर महाजन, अनिल चंडोक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही ।

## कर्मचारी जगत

# दै.वे.भो. कर्मचारी की समस्या के निराकरण हेतु सौंपा-ज्ञापन



**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन विधान सभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को एक ज्ञापन सौंपा और रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय में कार्यरत कर्मचारी उमाशंकर मिश्रा के नियमितीकरण को लेकर संगठन के द्वारा चर्चा की गई एवं ज्ञापन के माध्यम से उनकी समस्या के निराकरण हेतु आग्रह किया गया जिस पर विधान सभा अध्यक्ष द्वारा संगठन के पदाधिकारियों को आष्वासन दिया गया कि इस समस्या का निराकरण अतिशीघ्र किया जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, धनराज पिल्ले राकेष श्रीवास, अजय मिश्रा, दिनेष गौड़, शहीर मुमता?, हेमन्त ठाकरे, स्टेनली नॉबर्ट, सुधीर अवधिया, फिलिप अन्थोनी, विनोद सिंह, रऊफ खान, गोपीषाह, एनोस विक्टर, आर.पी.खनाल, अफरोज खान, उमेष सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, आदि ने माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोद्य मध्य प्रदेष शासन से मांग की है कि उमाषंकर मिश्रा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की समस्या का निराकरण अतिशीघ्र किया जाए।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशू त्रिवेदी का आगमन 6 को

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय चिंतक, विचारक सुधांशू त्रिवेदी का आगामी शुक्रवार 6 जनवरी को जबलपुर आगमन होगा। भाजपा नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर नर बताया राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशू त्रिवेदी यहाँ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में शामिल होने आ रहे है साथ ही पार्टी द्वारा 6 जनवरी को दोपहर 2 बजे ग्लोबल कॉलेज सभागार पाटन बायपास में प्रबुद्धजनों को संबोधित करेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र में हुए उपचार से बच्ची को मिली कुपोषण से मुक्ति



**जबलपुर,यशभारत।** पोषण पुनर्वास केन्द्र में हुए उपचार और देखभाल की बदौलत महज चार माह में कुपोषण की शिकार बच्ची का वजन 1 किलो 660 ग्राम से बढ़कर साढ़े पांच किलो हो गया। बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ्य है और उसके माता-पिता बेटी के हुए बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताते नहीं थक रहे हैं। सागर जिले के मझगंवा में रहने वाली श्रीमती रिशा ठाकुर पति हरगोविन्द सिंह के यहां 17 जून 2022 को बिटिया श्रीघोषी का जन्म हुआ। बच्ची सातवें माह में जन्मी थी यह एक प्रीमैच्योर बर्थ था। जन्म के समय बच्ची का वजन मात्र 890 ग्राम था। करीब ढाई माह बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। उसे सर्दी जुकाम बना रहता था कभी कभार बुखार आता था। ऐसे में उसकी माँ श्रीमती रिशा ठाकुर अपनी बच्ची को लेकर दीक्षितपुरा जबलपुर स्थित अपने मायके आ गई और एक निजी अस्पताल में दिखाया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसे गंभीर संक्रमण है और तुरंत भर्ती करना होगा। रिशा ठाकुर ने घर आकर परिवार में सलाह मशविरा किया और 15 सितम्बर को महाकौशल क्षेत्र के सबसे अच्छे अस्पताल शासकीय रानी दुर्गावती (एल्गिन) चिकित्सालय लेकर आई। जहां बच्ची का परीक्षण शिशु रोग विशेषज्ञ एवं एनआरसी प्रभारी डॉक्टर ममता गुप्ता ने किया। परीक्षण के दौरान बच्ची का वजन कम 1 किलो 660 ग्राम पाया गया उसकी लम्बाई 44 सेमी थी और सीपीआर 10.4 निकला, जो बढ़ा हुआ था। श्री घोषी को बुखार था, वह दस्त रोग से पीड़ित थी तथा मां का दूध नही पी रही थी। गंभीर संक्रमण को देखते हुए बच्ची को तुरंत एनआरसी में भर्ती कर डॉ. ममता गुप्ता और एनआरसी की फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर श्रीमती अंजली दीवान की देखरेख में उपचार प्रारंभ किया गया। जहां उसके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार होता गया। पंद्रह दिन बाद एक अक्टूबर को बच्ची को आवश्यक दवाएं तथा शिशु के देखरेख की स्वास्थ्य शिक्षा देकर एनआरसी से डिस्चार्ज कर दिया गया। साथ ही फॉलो-अप के दिन तय कर निरंतर चिकित्सकों को दिखाने की सलाह दी गई। डिस्चार्ज के समय उसका वजन 2 किलोग्राम तथा लम्बाई 44.5 सेमी और सीपीआर 3.2 (सामान्य) था। बच्ची ब्रेस्ट फीडिंग करने लगी थी। बच्ची की मां ने घर मे उसकी अच्छी देखरेख की जैसा कि उसे एनआरसी की फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर श्रीमती अंजली दीवान द्वारा बताया व समझाया गया था।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद पर नियुक्त हुए अनिल कुमार लाहोटी



**जबलपुर यशभारत।** अनिल कुमार लाहोटी ने रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के नये अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण किया।
मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आज 1 जनवरी से अनिल कुमार लाहोटी की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है । श्री लाहोटी, इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के 1984 बैच के अधिकारी हैं। इन्हें भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इंडियन रेलवे मेनेजमेंट सर्विस की लेवेल-17 की पहली पेनल में शामिल किया गया। और रुड़की विश्वविद्यालय (आईआईटी, रुड़की) से मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (स्ट्रक्चर्स) किया है। रेलवे में अपने 36 वर्षों से अधिक के सेवा काल के दौरान, उन्होंने मध्य, उत्तर, उत्तर मध्य, पश्चिम और पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

# बाबा नारायण शाह सेवा समिति ने निशुल्क सिलाई मशीन एवं राशन का किया वितरण



**जबलपुर ,यशभारत।** बाबा नारायण शाह सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधी समाज के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को महीने भर का राशन प्रतिमाह दिया जाता है । इसी कड़ी में नव वर्ष के प्रथम रविवार लगभग 200 परिवारों को अनाज एवं खाद्य सामग्री के साथ ही स्वरोजगार हेतु 3 महिलाओं को सिलाई मशीनें भी प्रदान की गई । कार्यक्रम में पं.दिलीप शर्मा, डॉ.केसी देवानी एवं संस्था के श्रीचंद मनध्यानी ने कहा कि यह सेवा प्रभु की सेवा के तुल्य है इस अवसर पर होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण डॉक्टर अमित खत्री द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में समिति प्रमुख श्री चंद मनध्यानी, टेकचंद हीरानी, मनोहर लाल बुधरानी, रोशनलाल मनध्यानी ,परसराम बजाज, अशोक आहूजा, मनोहरलाल अंबवानी, श्रीकुमार मनुरामानी, हरिदास पंजवानी, पुष्पा मखीजा आदि का सहयोग रहा ।



# मरही माता का मनाया गया जन्मदिन

**जबलपुर,यशभारत।** श्री मरही माता मंदिर कंचन तलैया सिंधि कैंप में विराजमान माता मरही का जन्मोत्सव पूजन-पाठ कर मनाया गया। इस दौरान मंदिर को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया और भण्डारें का भी आयोजन किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में भक्तों का तांता लगा रहा।

# सेवानिवृत्ति विश्राम काल नहीं



**जबलपुर, यशभारत।** कर्मशील व्यक्तियों के लिए सेवानिवृत्ति विश्राम काल नहीं होता और न ही उनके क्रियाकलापों पर ब्रेक होता है। अपितु यह वह अवस्था होती है जब मनचाहे कार्यक्षेत्र में कार्य करने हेतु एक बड़ा कैनवास उपलब्ध होता है जिसमें अपनी रुचियों के रंग भर कर जीवन के इन्द्रधनुषी के सपने पूर्ण किए जाते हैं, यह उदगार प्रो. एच.बी. पालन, इंजी. अमिताभ जैन एवं डॉ. पंकज शुक्ला ने व्यक्त किए। अवसर था चंचलबाई महिला महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री मुकेश लांडगे की सेवानिवृत्ति का। इस मौके पर डॉ. वंदना पाण्डेय दुबे ने श्री मुकेश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें महाविद्यालय का संकटमोचक हनुमान बताया। प्राचार्य श्रीमती वंदना यादव , समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ दीर्घ उज्ज्वल जीवन की मंगल कामना की।

## गुरु गोविंद सिंह ईश्वर के अवतार :विधानसभा अध्यक्ष

# प्रकाश उत्सव और नववर्ष के संगम से खुशियां हुई उस दुगनीं


**जबलपुर ,यशभारत।** साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज को मैं ईश्वर का अवतार मानता हूं उन्होंने देश धर्म भारतीय संस्कृति और पीड़ित मानवता के लिए अन्याय ,अत्याचार और जोर जबरदस्ती के खिलाफ जबरदस्त संघर्ष किया वे सदैव अजेय हैं अमर हैं । उनके आदर्श और बताया गया मार्ग आज कहीं ज्यादा प्रासंगिक है ।तदाशय के प्रेरणास्पद और सारगर्भित उदगार मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के अवसर पर व्यक्त किए । वे गुरुद्वारा प्रेम नगर, मदन महल मैदान में आयोजित गुरु गोविंद सिंह जयंती समारोह में बोल रहे थे । इस मौके पर गुरु सिंह सभा सदर के प्रधान श्री नक्षत्र सिंह एवं प्रभजोत सिंह ने श्री गौतम एवं पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू को शाल एवं सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया । पूर्व वित्त मंत्री श्री तरुण भनोट, पार्षद निशा राठौर लवलीन काके आनंद नरेंद्र सिंह पांधे मनोहर सिंह रील सहित हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधियों



एवं विभिन्न वर्गों धर्मों के श्रद्धालुओं द्वारा लंबी-लंबी कतारों में लगकर गुरुघर की हाजिरी भरी गई । प्रकाशोत्सव और नववर्ष के संगम ने खुशियों को दोगुना कर दिया श्रद्धालुओं ने परस्पर एक दूसरे को लख लख बधाइयां संप्रेषित की और एक ही पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण कर सर्वधर्म सौहार्द और मानवीय एकता की अनूठी मिसाल भी कायम की । दरबार साहिब श्री अमृतसर पंजाब के सुविख्यात हजूरी रागी जत्था भाई जगतार सिंह एवं साथियों ने वीर रस से ओतप्रोत जोशीला गुरबाणी शबद कीर्तन जब पेश किया तो उपस्थितों ने जोशीले जयकारे गुंजाए -बोले सो निहाल सत श्री अकाल-तथा वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह । रागी जत्था गायन कर रहा था,तुम हो सब राजन के राजा आपे आप गरीबनवाजा ।इस दौरान मशहूर गुरुवाणी विद् एवं कथा वाचक ज्ञानी हरबन सिंह दिल्ली ने कहा कि हम श्री गुरु ग्रंथ साहिब ,गीता और गुरु को तो मानते हैं मगर उनकी नहीं मानते इसलिए मंजिल ए मकसूद से वंचित रह जाते हैं, इसलिए जब हम उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों का परिपालन करेंगे तभी हमारे द्वारा मनाए गए गुरुपर्व सार्थक होंगे।


# स्कूलों में छमाही परीक्षा शुरू

**50 हजार से ज्यादा विद्यार्थी हो रहे शामिल**



**जबलपुर, यशभारत।। स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां खत्म होते ही कक्षा 9वीं से 12वीं की छमाही परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। सीएम राइज सहित सभी शासकीय स्कूलों में कक्षा से 12वीं तक को अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं तय समय सुबह आठ बजे से प्रारंभ हुई।**

परीक्षा में लगभग 50 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा प्रभारी अरविंद अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा दो चरणों में होंगी। पहला चरण सुबह 8 से 11 बजे तक और दूसरे चरण 11.15 से 2.15 बजे तक है। पहले चरण में कक्षा 11वीं और 12वीं की और दूसरे चरण में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा हो रही है। ठंड को देखते हुए सभी स्कूल सुबह 8.30 बजे के बाद खोलने के आदेश कलेक्टर द्वारा दिए गए थे। सोमवार को जब शिक्षा देने विद्यार्थी घरों से निकले तो कड़ाके की ठंड और कोहरे से उन्हें काफी परेशानी मैसूर से कई बच्चे दूरदराज के क्षेत्रों से परीक्षा देने आए, जिन्हें सुबह जल्दी घर से निकलना पड़ा।



# कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** मौसम में अचानक कोहरे की मौजूदगी बढ़ने से इसका सबसे ज्यादा असर ट्रेनों पर हुआ है। जबलपुर आने वाली कई ट्रेनें छह से आठ घंटे तक देरी से चल रही हैं। कोहरे से ज्यादा असर दिल्ली से जबलपुर आने वाली ट्रेनों पर हुआ है। दिल्ली से ग्वालियर के बीच अधिक कोहरा होने से हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर आने वाली श्रीधाम लगभग आठ घंटे देरी से चल रही है। इधर, इसी रूट पर चलकर जबलपुर आने वाली गोंडवाना पर भी कोहरे का असर हुआ है। यह ट्रेन दो घंटे लेट चल रही है। ट्रेनों के देरी से चलने से आज यात्रियों का सफर प्रभावित हो रहा है। जहाँ दिल्ली से जबलपुर आने वाली ट्रेनों के यात्री परेशान हो रहे हैं, वहीं जबलपुर से दिल्ली जाने वाले यात्री भी तय समय पर दिल्ली नहीं पहुंचेंगे।उत्तर प्रदेश और बिहार से जबलपुर आने वाली ट्रेनें भी कोहरे की वजह से प्रभावित है।

**जबलपुर आने वाली गाड़ियां चल रहीं घंटों लेट**

पटना से मुंबई, पटना से पुणे और हावड़ा से चलकर जबलपुर आने वाली शक्तिपुंज भी अपने तय समय से देरी से चल रही हैं। यह ट्रेन लगभग एक से 10 घंटे लेट चल रही है। इसके अलावा उत्तर भारत से दक्षिण भारत जाने वाली लगभग 60 फीसदी ट्रेनें कोहरे की वजह से प्रभावित हुई हैं। रेलवे ने यात्री ट्रेनों को कोहरे से प्रभावित होने से बचाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके बाद भी ट्रेनें लेट चल रही हैं। पश्चिम मध्य रेलवे ने जबलपुर भोपाल और कोटा मंडल की ट्रेनों के इंजन में कोहरे के दौरान ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित होने से बचाने के लिए कोहरे में दिखने वाले कई डिजिटल सिग्नल लगाए हैं। वही इंजन फॉग सिस्टम लगाया है, जिससे ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित किए बिना संचालन किया जा सकता है। इधर, कई जगह पर पटाखे फोड़े जा रहे हैं, ताकि ट्रेनों के संचालन में किसी तरह की परेशानी ना हो।

# कांग्रेस 4 सीटों को बचाए रखने संघर्ष करते दिखेगी तो भाजपा गढ़ बचाने में जुटेगी

**जबलपुर यशभारत। साल 2022 स्थानीय निकाय चुनावों के नाम रहा. करीब ढाई साल के इंतजार के बाद नगर निगम और पंचायत चुनाव हुये. अब वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव के नाम रहने वाला है. साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने में रणनीतिकार जुटे हुये हैं.**

साल 2023 में कांग्रेस जहां लंबे समय बाद मिली 4 सीटों को बचाए रखने के लिए संघर्ष करते दिखेगी तो भाजपा अपना गढ बचाने का हर संभव प्रयास करते नजर आएगी. कांग्रेस और भाजपा की रस्साकसी में अन्य दल भी मौके तलाशते नजर आएंगे. पूर्व में उवैसी गरजते दिख सकते हैं तो मध्य में ओवेसी के साथ-साथ केजरीवाल दोनों प्रमुख पार्टियों पर निशाना साधने आएंगे. इसमें दो राय नहीं कि राजनीतिक दृष्टिकोण से वर्ष 2023 सभी पार्टियों के लिये महत्वपूर्ण रहने वाला है. वहीं जबलपुर में सियासत में दशकों से राज करने वाले कई नेताओं को सूर्यास्त होना तय है तो सालों से मेहनत कर रहे कई नेताओं के भाग्योदय की संभावना है. नए साल के पहले दिन से कांग्रेस ने नारा दिया है। नया साल बदलो संकल्प यात्रा के साथ कांग्रेस चुनावी अभियान का शंखनाद कर चुकी है।



## भाजपा-कांग्रेस के लिए साल 2023 चुनौतीपूर्ण होगा

### संगठनात्मक कसावट में दोनों पीछे

जबलपुर में संगठन के स्तर पर भाजपा हमेशा कांग्रेस से दो कदम आगे रही है. भाजपा के समन्वय और अनुशासन की मिसाल हमेशा दी गई है. लेकिन बीते दो साल में भाजपा में संगठन स्तर पर आपसी असंतोष और मतभेद खुलकर सामने आए हैं. साल 2022 में संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस और भाजपा एक ही साथ में नजर आए. उम्मीद की जा रही है की वर्ष 2023 में दोनों पार्टियों नगर कार्यकारिणी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाएंगी.

### कांग्रेस गांव तो भाजपा शहर में दे रहे ध्यान....

पिछले विधानसभा चुनाव में 04 ग्रामीण सीटों में से तीन पर भाजपा काबिज थी तो शहरीय सीटों में 04 में से तीन पर कांग्रेस ने बाजी मारी थी. साल के शुरु में हुये स्थानीय चुनाव में नगर सत्ता में कांग्रेस ने जीत दर्ज की तो पंचायतों में भाजपा का पलड़ा भारी रहा. इन्हीं आंकड़ों को सामने रखते हुये दोनों प्रमुख पार्टियों ने अपनी अपनी रणनीति में बदलाव किया है. 2023 की शुरुआत से कांग्रेस ग्रामीण क्षेत्रों में तो भाजपा शहर में हलचल बढ़ाएगी. किसकी रणनीति कारगर रही यह साल के अंत में सामने आ जाएगा।

### नई पार्टियां भी दे रही दस्तक

जबलपुर की राजनीति दशकों से कांग्रेस और भाजपा के बीच ही केन्द्रित रही है. बीते एक दशक में देश में बदले राजनीतिक परिदृश्य ने नई पार्टियों के लिये दरवाजे खोले है. जबलपुर में यह पार्टियां प्रयास करते नजर आ रही हैं. नगर निगम चुनाव में आप और ओवैसी की एमआईएम ने अपने उम्मीदवार उतारे थे. जिसमें आप शून्य और ओवैसी की पार्टी 2 सीट पर जीत दर्ज की थी. नगर निगम चुनाव के नतीजों से उत्साहित एआईएमआईएम और पंजाब और गुजरात के नतीजों से उत्साहित आप विधानसभा चुनाव में उम्मीद लगा रही है. 2023 में दोनों पार्टियां जबलपुर में हलचल मचाएंगी केजरीवाल से लेकर ओवैसी तक जबलपुर में कांग्रेस भाजपा पर हमला बोलते नजर आएंगे।

# राहत भरी खबर : गुवाहाटी-राजकोट स्पेशल ट्रेन 5 जनवरी को चलेगी

**जबलपुर ,यशभारत।** गुवाहाटी और राजकोट जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे ने इस रूट पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन सतना और कटनी से होकर जाएगी। रेलवे द्वारा 05636 गुवाहाटी-राजकोट स्पेशल ट्रेन को 4 जनवरी को गुवाहाटी से चलाया जा रहा है। यह ट्रेन सुबह 9 बजे यहां से रवाना होकर 5 जनवरी को शाम 4.55 पर सतना से होकर जाएगी। यह ट्रेन कटनी से बीना होकर राजकोट जाएगी। इसके अलावा यह ट्रेन 5 जनवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सुबह 9.15 बजे और बीना 22.30 बजे पहुंचेगी। इधर गाड़ी संख्या 05637 राजकोट-गुवाहाटी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 7 जनवरी को राजकोट स्टेशन से दोहपर 1.15 बजे पर रवाना होगी और रतलाम रात 11~25 बजे पहुंचेगी। वहीं यह ट्रेन रात को ही 1.50 बजे उज्जेन और दोपहर 12~30 सतना से होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय से रात 8.20 बजे गुवाहाटी स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में रेलवे ने 1 सेकेंड एसी, 11 थर्ड एसी और सात स्लीपर व दो जनरल कोच के अलावा दो पार्सल समेत 23 कोच लगाए हैं।

# एक माह पहले बनी आरसीसी सड़क उखड़ गई

**गंगानगर के नवनिवेश कॉलोनी में सड़क निर्माण के ये हाल**



**जबलपुर.यशभारत।** गंगानगर के नवनिवेश कॉलोनी में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। यहां एक माह पहले बनी सड़क सीवर लाइन के लिए खोद दी गई थी। एक सड़क को बनाया भी गया है, लेकिन वह चालू नहीं हुई है और वह उखडने् की कगार पर पहुंच गई है। खोदे गए हिस्से में की गई मरम्मत मलबे के रूप में उधड़ गई है। नव निवेश कॉलोनी में सीवर लाइन बिछाने के लिए सडक् को मशीनों से खोदा गया है। इसमें सडक् के किनारे नाले का निर्माण भी प्रस्तावित है। सडक् की हालत यह हो गई है कि सीवर लाइन बिछाने के बाद इसकी मरम्मत में खानापूर्ति की गई है, जिससे सडक् के बीच में मलबा दिखाई दे रहा है। गुजरने वाले वाहन फिसल रहे हैं।

### गिट्टियों से फिसल रहे वाहन

सडक् के बीच में गिट्टियों की वजह से वाहन फिसल रहे हैं। वाहन के पहियों से गिट्टियां उछल रही है। चार फीट चौड़ी जगह से चलना मुश्किल हो गया है। दो पहिया वाहन असंतुलित हो रहे हैं।

### नहीं बनाया नाला और सड़क तैयार

निर्माण कार्य की हालत यह है कि यहां नाला तैयार नहीं किया गया है और सडक् तैयार कर दी गई है। जानकार कहते हैं कि नाला आए दिन ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे घरों में पानी पहुंच रहा है।

### 12 फीट किया गया था गड्ढा


क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यहां सीवर लाइन के लिए 12 फीट गहरा और चार फीट चौड़ा गड्ढा किया गया था। सीवर लाइन बिछाने के बाद इसमें मिट्टी भर दी गई थी और उस पर कॉन्क्रीट का लेप किया था। इससे वह कॉन्क्रीट का मिश्रण टिक नहीं सका औरवह उखड़ गया।

# कुल्हार नदी पर बांध तैयार, कुंडम का सूखा होगा खत्म

**जबलपुर यशभारत।** पथरीली जमीन और जलसंकट से जूझ रहे कुंडम का सूखा अब खत्म होने वाला है। बरसात के सीजन में खरीफ की फसल पर निर्भर रहने वाले किसान शहपुरा और पाटन के किसानों की तरह रबी सीजन से लेकर तीसरी फसल भी उगा सकेंगे। दरगढ़ के पास कुल्हार नदी पर बांध बनकर तैयार हो गया है।

### वर्ष 2016 में शुरू हुआ था काम

वर्ष 2016 में 65.95 करोड़ की लागत से बांध का निर्माण शुरू हुआ था। इस बांध से 2600 हेक्टेयर जमीन ड्क्षसचित होगी। तालाब से जबलपुर के 12 व मंडला जिले के 2 गांव को पानी मिलेगा। दरगढ़ बांध लबालब भर गया है, 37.35 करोड़ से बांध की नहर के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है। भूअर्जन और मुआवजा वितरण का काम पहले ही हो चुका है। जानकारी के अनुसार इस बांध की विशेषता यह है कि यहां का पानी प्राकृतिक रूप से बहता है। पानी खेतों तक प्रवाहित होता है।



### कुटकी पर थे निर्भर

कुंडम में जलसंकट होने के कारण क्षेत्र के किसान कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाज की खेती पर निर्भर थे। ड्क्षसचाई के लिए दरगढ़ से भरपूर पानी मिलने पर धान के साथ गेहूं की फसल भी ली जा सकेगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस बांध की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां का पानी प्राकृतिक रूप से बहता है। पानी को खेतों तक ले जाने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता नहीं होती है।

### तीन और छोटे बांधों से 114 गांव को मिलेगा पानी

कुंडम क्षेत्र को छीताखुदरी, हिरन व बघराजी बांध से भी पानी मिलेगा। इन छोटे-छोटे बांध से 114 गांवों में खेती ड्क्षसचित होगी। इन बांधों से खेतों में पानी पहुंचाने 2024 तक 25 हजार किलो मीटर की नहर का निर्माण किया जाएगा।

# पमरे के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 114 सदस्यीय दल राजस्थान रवाना

**जबलपुर यशभारत।** राजस्थान राज्य के पाली जिले में 4 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित हो रही 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने के लिए पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 114 सदस्यीय दल रविवार को रवाना हो गया। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय जबलपुर सहित तीनों मंडलों के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर जम्बूरी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन चार वर्ष के अंतराल पर किया जा रहा है जिसमें भारतवर्ष के सभी राज्यों सहित 16 रेलवे जोनों के लगभग 35000 स्काउट-गाइड विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे लोकनृत्य, फूडप्लाजा, शारीरिक प्रदर्शन, मार्चपास्ट, ग्लोबल डेवलपमेंट वीलेज, साइकलिंग, पैराग्लाइडिंग इत्यादि में भाग लेंगे।

# पटियाला हाउस, फिएस्टा कॉलेज रेस्टोरेंट में मैनेजर और बेटर परोस रहे थे शराब, पुलिस ने दी दबिश

**जबलपुर यश भारत।** थाना गोरखपुर स्थित पटियाला हाउस पार्टी और कपूर क्रासिंग में संचालित फिएस्टा कॉलेज रेस्टोरेंट में पुलिस ने दबिश देकर मैनेजर सहित आरोपियों को दबोच लिया। यहां खुलेआम शराब परोसी जा रही थी।

जानकारी अनुसार पटियाला हाउस पार्टी मैनेजर अक्षय सिंह, वेटर ऋषि साहू , एवं कर्मचारी अशोक सिंह बघेल एवं प्रेम सिंह राजपूत उर्फ प्रशांत द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष्य में अवैध रूप से ग्राहकों को शराब पिलाई जा रही थी । जिस पर उप निरीक्षक शेष नारायण दुबे द्वारा थाना गोरखपुर के स्टाफ प्रधान आरक्षक अच्छेलाल, आरक्षक मनोज उपाध्याय के साथ पटियाला हाउस पार्टी रूम में दबिश देकर शराब की बोतल ,बिक्री की रकम डिस्पोजल के गिलास एवं पानी पाउच जप्त करते हुए उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।



### मैनेजर सहित 5 आरोपियों पर कार्रवाई

इसी प्रकार कपूर क्रासिंग में संचालित फिएस्टा कॉलेज रेस्टोरेंट में शराब खोरी किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा फिएस्टा रेस्टोरेंट में दबिश दी गई। जहां पर रेस्टोरेंट के मैनेजर सुरेंद्र काशी के निर्देश पर वेटर जितेंद्र पटेल द्वारा ग्राहकों को शराब सर्व की जा रही थी। जिससे रेस्टोरेंट के मैनेजर एवं वेटर सहित आदित्य समुंद्रे, हर्ष कांत राणा निवासी घमापुर ,शुभम पटेल निवासी रांझी, नागेश्वर उर्फ राहुल राव निवासी गोरखपुर ,अजय पटेल निवासी पुलिस थाना गढ़ा पर कार्यवाही की गई । आरोपियों के पास से शराब की बोतल एवं नगदी जप्त की गई ।

# 10वीं बोर्ड में अंग्रेजी का पेपर आउट आफ कोर्स, किया बदलाव



**जबलपुर, यशभारत।** छमाही परीक्षा के दौरान सिलेबस से बाहर के प्रश्न पूछे जाने की वजह से शिक्षा विभाग को परीक्षा के बीच में पेपर बदलना पड़ा। कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय का पेपर सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ। बताया जाता है कि डी सेट पेपर में कुछ प्रश्न पुराने सिलेबस से पूछे गए इस बात को लेकर विद्यार्थियों ने अपत्ति की, जिसके बाद आनन-फानन में परीक्षा के बीच में पेपर बदले गए। कुछ शिक्षकों ने बताया कि परीक्षा के बीच ही इंटरनेट मीडिया पर नया पेपर भेजा गया। जिसे विद्यार्थियों को देनी की बात कही गई। बताया जाता है कि अंग्रेजी के पेपर में अनसीन पैसेज को लेकर एक प्रश्न था जो पुराने सिलेबस से था। इस संबंध में माडल स्कूल के प्राचार्य मुकेश तिवारी ने बताया कि अनसीन पैसेज पुराना था जिसमें सुधार करवाया गया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कहा कि अंग्रेजी के एक सेट में कुछ सिलेबस से बाहर की प्रश्न थे जिस वजह से नया सेट का पेपर दिया गया।

# जीसीएफ महाप्रबंधक के साथ लूट

**स्कूटी सवार लुटेरों ने बातों में उलझाकर छीन लिए रुपये, पुलिस ने आरोपियों को दबोचा**



**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर थाना अंतर्गत दोपहर में भोजन के लिए पैदल आवास पर जा रहे जीसीएफ महाप्रबंधक को दो स्कूटी सवार बदमाशों ने पहले तो बातों में उलझाया और फिर उनके रुपये छीनकन फरार हो गए। शिकायत के बाद मुस्तैद पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

दिलीप मिश्रा एसआई ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जीसीएफ महाप्रबंधक राहुल कुमार ने शिकायत दी थी कि जब वह दोपहर में पैदल ही अपने आवास पर भोजन के लिए आ रहे थे। तभी पीछे से दो स्कूटी सवार आए और उन्हें बातों में उलछाकर पांच से सात हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। जिसके बाद प्रभारी चंद्रकांत झा के निर्देशन में टीम ने आधारताल निवासी नसीम मंसूरी 26 साल और समीर मंसूरी 52 साल को दबोच लिया। जो शहर से बाहर भागने की फिराक में थे। आरोपियों से सख्ती के साथ पूछताछ की जा रही है।

# पुडुचेरी में तीन दिन के चिंतन से मध्य प्रदेश की तरक्की का रास्ता निकलेगा

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)। पुडुचेरी में तीन दिन के चिंतन से मध्य प्रदेश की तरक्की का रास्ता निकलेगा। यात्रा से सोमवार को मध्य प्रदेश लौट रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की नई इबारत लिखने के लिए रणनीति पर काम शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री सपरिवार 28 दिसंबर की रात पुडुचेरी गए। वहां वे महर्षि अरविंद के आश्रम में रुके और आध्यात्मिक शांति के साथ उन्होंने नए साल में सरकार की रणनीति पर भी चिंतन किया।**



आमतौर पर होता भी यही है, मुख्यमंत्री जब भी आध्यात्मिक या प्राकृतिक स्थान की यात्रा से लौटते हैं तो कुछ नया करते हैं। इस साल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हैं। ऐसे में सरकार का पूरा ध्यान चुनाव के मुताबिक रणनीति तैयार करने पर है। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार को होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों और अधिकारियों से इस पर विस्तार से बात करेंगे।बैठक में इंदौर में आठ से 10 जनवरी तक प्रस्तावित प्रवासी भारतीय सम्मेलन और 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित होने वाले इंवेस्टर्स समिट की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने शिर्डी में साई बाबा के दर्शन किए

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नए साल पर पत्नी साधना सिंह के साथ रविवार को शिर्डी में साई बाबा के दर्शन किए। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के लिए अपने आप का झोंक दें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। संकल्प की सिद्धि में वह दिन-रात जुटे हैं। मैं दिन-रात अपनी संपूर्ण क्षमता झोंककर काम करूंगा, हम मिलकर इस संकल्प को साकार करेंगे।

### मध्य प्रदेश में मंत्री और विधायकों को 5 प्रतिशत वोटर को बनाना होगा फालोअर

मध्य प्रदेश में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा और राज्य सरकार मतदाताओं से जीवंत संपर्क बनाना चाहती है। इसलिए स्थानीय नेताओं के बाद मंत्रियों और विधायकों को भी इंटरनेट मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने और अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम पांच प्रतिशत मतदाताओं को फालोअर बनाने के निर्देश दिए हैं। मंत्रियों को इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय रखने के लिए राज्य सरकार संसाधन भी उपलब्ध करा रही है। विभिन्न इंटरनेट माध्यमों पर उनके खाते भी खोले गए हैं। सरकार का मानना है कि मंत्री और विधायक इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आमजन से जुड़ेंगे तो केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। वे अपनी बात सीधे मंत्री या विधायक तक पहुंचा सकेंगे। जबकि राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनता से सीधे जुड़ाव से जुड़ा मामला है। मध्य प्रदेश में साढ़े सात करोड़ से ज्यादा मोबाइल उपभोक्ता हैं। इनमें से 95 प्रतिशत उपभोक्ता एंड्राइड फोन का इस्तेमाल करते हैं। वे वाट्सएप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम सहित अन्य प्लेटफार्म पर हैं। सत्ता और संगठन का मानना है कि मोबाइल के जरिए प्रत्येक मतदाता तक पहुंचा जा सकता है। इसीलिए स्थानीय नेताओं, मंत्रियों-विधायकों को बार-बार इंटरनेट मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने को कहा जा रहा है।



# कड़ाके की ठंड और कोहरे के साथ नए साल के पहले सप्ताह की शुरुआत

## भोपाल एयरपोर्ट पर घना कोहरा, उड़ानें नागपुर डायवर्ट

**भोपाल,यशभारत।** हिमालय से आ रही सर्द हवाओं के असर से वर्ष 2023 के पहले दिन पारे ने जोरदार गोता लगाया। नए साल का स्वागत, कोहरा, धुंध और ठिठुरानी वाली सर्दी के बीच हुआ। प्रदेश में 16 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। ग्वालियर,चंबल,रीवा,सागर,शहडोल और भोपाल में कोहरा छाया। सर्द हवाओं का जोर इतना था कि दिन चढ़ने के बाद भी राहत नहीं मिली और दिन में भी सर्दी सताती रही। दिन में आई गिरावट के बीच प्रदेश में सागर एवं सतना में कोल्ड डे दर्ज किया गया। पूर्व मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि तापमान में गिरावट का दौर सोमवार को भी जारी रहेगा और रात के तापमान में एक से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है, इसके चलते सोमवार को कई जिलों में शीतल दिन के साथ शीतलहर की स्थिति बन सकती और ऐसी ही सर्दी अगले तीन-चार दिनों तक सताती रहेगी। इस सीजन में तापमान में गिरावट तो कई बार दर्ज हुई है, लेकिन जनवरी के पहले दिन में गिरावट के साथ गलन का एहसास भी हुआ। न केवल तापमान कम था बल्कि हवाएं भी सर्द थीं । राजा भोज एयरपोर्ट के पास आज सुबह से ही कोहरे की घनी चादर छाई हुई है। विमान क्षेत्र में लो विजिबिलिटी के कारण सुबह की उड़ानों को समय पर लेंड नहीं कराया जा सका है। एयर इंडिया की सुबह की दिल्ली उड़ान भोपाल एयरपोर्ट के आसपास काफी समय चक्कर लगाती रही लेकिन उसे लैंड करने की अनुमति नहीं मिली बाद में उड़ान को नागपुर डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह एयर इंडिया की मुंबई उड़ान को भी समय पर लैंड नहीं कराया जा सका उसे भी नागपुर भेजा गया है। यात्रियों को मौसम सुधांरने का इंतजार करने को कहा गया है।इंडिगो की सुबह की दिल्ली उड़ान खराब मौसम के कारण अभी तक लैंड नहीं हो सकी है। उड़ान सुबह 8ः00 बजे भोपाल पहुंचती है।



# मध्य प्रदेश में जंगल की सुरक्षा करने वाले शहर की हरियाली उजाड़ रहे हैं

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मध्य प्रदेश में जंगल की सुरक्षा करने वाले शहर की हरियाली उजाड़ रहे हैं। भोपाल में मध्य प्रदेश के वन बल प्रमुख आरके गुप्ता के दानिशनगर स्थित निजी मकान के सामने 38 हरे वृक्ष काट दिए गए। मामले में नगर निगम भोपाल ने गुप्ता की पत्नी कीर्ति गुप्ता पर एक लाख 90 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। मामले में आरटीआई एक्टिविस्ट अजय दुबे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिकायत करेंगे।**

दानिशनगर कालोनी स्थित मकान के सामने खड़े वृक्षों की कटाई के लिए कीर्ति गुप्ता ने नगर निगम से 13 मई 2022 को अनुमति मांगी थी, नगर निगम ने 68 वृक्षों की स्वयं के व्यवस्था पर छंटाई की अनुमति दी। वृक्ष काटने बुलाए गए मजदूरों ने 29 नवंबर को 29 वृक्षों की कटाई एवं नौ वृक्षों की छंटाई कर दी। वृक्ष अधिनियम के अनुसार किसी भी वृक्ष को काटने / छांटने के पूर्व वृक्षाधिकारी नगर निगम से अनुमति लेना आवश्यक होता है, जिसका उल्लंघन किया गया। इतना ही नहीं, मामला छिपाने के लिए वृक्षों को जला भी दिया गया। इसकी शिकायत कालोनी के ही निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अंशु गुप्ता ने नगर निगम भोपाल में की। नगर निगम ने कीर्ति गुप्ता पर एक लाख 90 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। प्रति वृक्ष पांच हजार रुपये के हिसाब से यह अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। नगर निगम ने काटे गए वृक्षों के एवज में चार गुना पौधारणेपण करने एवं काटे गए वृक्षों की संपूर्ण लकड़ी निगम के टोर में जमा कराने का आदेश दिया हैं।

वन बल प्रमुख आरके गुप्ता की पत्नी कीर्ति गुप्ता ने 40 वर्ष पुराने 50 से अधिक वृक्ष केवल इसलिए काट और जला दिए क्योंकि वृक्ष के सूखे पत्ते उडकर उनके घर में आ जाते थे। जबकि उनके मकान और वृक्षों के बीच की दूरी बहुत अधिक है। वन विभाग के अमले ने सारे पेड़ एक- एक कर काट दिए और बाद उनमें आग लगा दी। नगर निगम द्वारा लगाए गए अर्थदंड से हम संतुष्ट नहीं है। हम इसकी शिकायत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और एनजीटी से करेंगे।

**अंशु गुप्ता, शिकायतकर्ता**

“ छंटनी की अनुमति लेकर वृक्षों काट देना और जलाकर संपूर्ण नष्ट कर देना गंभीर अपराध है। मध्य प्रदेश के वन बल प्रमुख होने के बाद भी आरके गुप्ता व उनकी पत्नी द्वारा वृक्षों की हत्या कर दी गई। हम डीओपीटी को पत्र लिख ऐसे अधिकारी को सेवा से बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

**अजय दुबे, वन एवं पर्यावरण विशेषज्ञ**

“ - कई बार वृक्षों की डालियां वाहनों पर गिर चुकी हैं। हमने पेड़ों की कटाई की अनुमति मांगी थी, नगर निगम ने छंटाई की अनुमित दी। हमने मजदूरों को बताया भी था, लेकिन गलती से उन्होंने एकदो वृक्ष काट दिए। हम इस मामले में नगर निगम भोपाल कमिश्नर के यहां अपील कर रहे हैं।

**आरके गुप्ता, वन बल प्रमुख मप्र**

# राहुल गांधी के दावे से एमपी कांग्रेस में उत्साह, भोपाल में लगाए जा रहे हैं पोस्टर

**भोपाल,यशभारत।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के दावे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। यही कारण है कि राजधानी की सड़कें बैनर और होर्डिंग से पट गई है, तो सोशल मीडिया पर भी कैंपेन जारी है। कमलनाथ को इन पोस्टरों में पूर्व नहीं भावी मुख्यमंत्री बताया गया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले दिनों भारत जोड़ो यात्रा के तहत लगभग 13 दिन मध्य प्रदेश के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरे। उन्होंने दिल्ली में दावा किया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, वहीं भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। राहुल गांधी के इस दावे के बाद कार्यकर्ताओं का उत्साह बल्लियों उछाल मार रहा है। इसके बाद बीते रोज से ही राजधानी की सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग तो लगे ही, साथ में सोशल मीडिया पर भी नया साल नई सरकार के दावे किए जा रहे हैं। पार्टी के नेताओं को संगठन की ओर से सोशल मीडिया पर कमल नाथ को पूर्व मुख्यमंत्री नहीं बल्कि भावी मुख्यमंत्री के तौर पर संबोधित करने को कहा गया है।




### पूर्व सीएम कमलनाथ ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनों से आग्रह किया है कि हम सभी मिलकर नया साल नई सरकार का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि भाजपा के 18 साल के कुशासन में मध्य प्रदेश की पहचान घोटालों, भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, आदिवासी अत्याचार, दलित अत्याचार, बदहाल किसान और बेरोजगार नौजवान से हो गई है।

### बीजेपी ने किया पलटवार

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा है कि भाजपा एक मजबूत संगठन तंत्र है, पार्टी की सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं लोगों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं, इसके साथ ही पार्टी के नेतृत्व पर जनता का विश्वास है।



# पर्यटन स्थलों पर उमड़े सैलानी सड़कों पर लगा लंबा जाम

**भोपाल,ईएमएस।** नववर्ष के पहले दिन रविवार और अचानक तेज हुई ठंड शहर वासियों को उनके घरों से बाहर पर्यटन स्थलों तक खींच लाई। इस दौरान भोपाल में सबसे ज्यादा पर्यटक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य प्राणियों को देखने के लिए पहुंचे। रविवार को यहां पर पहुंचे पर्यटक देर तक बाघ को देखने का इंतजार करते रहे। रविवार को वन विहार में 11 हजार से ज्यादा पर्यटक पहुंचे। इस दौरान सबसे ज्यादा भीड़ बाघ और तेंदुए के बाड़े, सरिसृप के बाड़े और शाकाहारी वन्य प्राणियों के आसपास देखे गए। इस दौरान छोटे बच्चे सबसे ज्यादा चीतल, सांभर और नीलगाय को देखकर खुश हुए। इसके अलावा केरवा, इको पर्यटन नर्सरी, बोट क्लब, मनुआभान की टेकरी, सैर-सपाटा में भी बड़ी संख्या मे पर्यटक पहुंचें। इसके अलावा श्यामला हिल्स स्थित मानव संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय और राज्य संग्रहालय में भी बड़ी संख्या में सैलानी घूमने पहुंचे। शहर में बड़े पर्यटन स्थलों और प्रमुख मंदिरों सहित 35 से ज्यादा स्थलों पर दिन भर पर्यटक जुटे रहे। वन विहार में वन्य प्राणियों और पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए वन विहार प्रबंधन ने पहले ही कड़े इंतजाम कर लिए थे। पिछले साल की तुलना में इस साल दोगुने से ज्यादा पर्यटक वन विहार पहुंचे पिछले साल जहां 5732 पर्यटक वन विहार पहुंचे थे।

# घने कोहरे के कारण लगातार देरी से आ रहीं उत्तर भारत और दिल्ली से आने वाली ट्रेनें



**भोपाल,ईएमएस।** उत्तर भारत में लगातार छाए कोहरे और खराब मौसम के कारण हजरत निजामुद्दीन से चलकर जबलपुर जाने वाली ट्रेन 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस लगातार देरी से पहुंच रही है। जिसके कारण जबलपुर मंडल से चलने वाली 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को री-शेड्यूल करके चलाया जा रहा है। नववर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को 17.45 बजे प्रस्थान कर गन्तव्य को जाने वाली गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को 4 घंटे की देरी से रात 9.45 पर जबलपुर स्टेशन से चली। इसके पहले इस गाड़ी को दिसंबर माह में खराब मौसम के कारण तीन बार पहले भी री-शेड्यूल किया जा चुका है।

### दो घंटे की देरी से पहुंची शताब्दी

ठंड के कारण नववर्ष के पहले दिन 12002 नई दिल्ली-रानी कमलापति शताब्दी एक्सप्रेस 2 घंटे 12 मिनट की देरी से भोपाल स्टेशन पहुंची। शताब्दी भोपाल स्टेशन पर अपने निर्धारित समय दोपहर 2.07 की जगह शाम 4.16 पर भोपाल स्टेशन पहुंची। हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति के बीच चलने वाली 12156 शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस 6 घंटे की देरी से दोपहर 12.20 पर रानी कमलापति स्टेशन पहुंची।

# स्टार्टअप का हब बन रहा मध्य प्रदेश / देश में इंदौर 14वें और भोपाल 29वें स्थान पर

**भोपाल,यशभारत । मध्य प्रदेश अब स्टार्टअप का हब बन रहा है। प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जो स्टार्टअप के लिए विश्व स्तरीय ईको सिस्टम प्रदान करते हैं। स्टार्टअप ब्लिंक की रिपोर्ट के अनुसार देश में इंदौर 14वें और भोपाल 29वें स्थान पर है। प्रदेश के 2500 से अधिक स्टार्टअप भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग में पंजीकृत हैं। इनमें से 1100 से अधिक स्टार्टअप महिला उद्यमियों द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश में 45 से अधिक इंक्यूबेटर प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप को विकसित करने के लिए कार्यरत हैं। केंद्र सरकार का कप?ा परिधान मंत्रालय का इंक्यूबेशन सेंटर ग्वालियर में है।**




### एमपी स्टार्टअप नीति और कार्यान्वयन योजना 2022

देश में स्टार्टअप आंदोलन को गति देने और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के रोडमैप 2023 के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, राज्य सरकार ने च्एमपी स्टार्टअप नीति और कार्यान्वयन योजना 2022ज् शुरू की है। इससे मध्य प्रदेश के मौजूदा ईको सिस्टम को और बेहतर बनाने के साथ ही जनता के बीच उद्यमिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना का उद्देश्य च्स्टार्टअप रैंकिंगज् में राज्य को अग्रणी बनाना है। इसके लिए योजना में स्टार्टअप और इंक्यूबेटर के लिए सिंगल विंडो एजेंसी स्थापित करते हुए च्एमपी स्टार्टअप सेंटर (एमपीएससी)ज् स्थापित किया गया है। च्एमपीएससीज् स्टार्टअप को सदस्यता देता है और मंजूरी पाने और पूंजी जुटाने में सहायता करता है।

### इंवेस्टर्स समिट में होगा विशेष सत्र का आयोजन

इंदौर में 11 व 12 जनवरी 2023 को होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023ज् के दौरान च्एमपी स्टार्टअप ईको सिस्टमज् पर विशेष सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकार की नीतियों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। निवेशकों, वेंचर केपिटल फंड और मीडिया हाउस की उपस्थिति में च्ए स्टार्टअप जर्नी - सीड टू यूनिकार्न एंड बियांडज् विषय पर पैनल डिस्कशन होगा।

### एआइएफ में 10 करोड़ के निवेश की बनाई जा रही योजना

राज्य सरकार पांच भारतीय एआइएफ (वैकल्पिक निवेश कोष) में 10 करोड़ रुपये का निवेश करने की भी योजना बना रही है, जो राज्य के स्टार्टअप में कई गुना निवेश करेगा। राज्य स्टार्टअप और इंक्यूबेटर को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित करता है। स्टार्टअप को 60 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है।

### 44 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप की प्रवर्तक महिलाएं

प्रदेश में वर्ष 2016 में डीपीआइआइटी से मान्यता प्राप्त सिर्फ सात स्टार्टअप थे, अब डीपीआइआइटी से मान्यता प्राप्त लगभग 2584 से अधिक स्टार्टअप प्रदेश में हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इनमें 44 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप की प्रवर्तक महिलाएं हैं। मध्य प्रदेश के स्टार्टअप एरोनाटिक्स, रक्षा, कृषि, एआइ एनिमेशन, फैशन, फिन-टेक, खाद्य प्रसंस्करण जैसे विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत है। इन स्टार्टअप में शीर्ष पांच क्षेत्र आइटी परामर्श, निर्माण और इंजीनियरिंग, कृषि-तकनीक, खाद्य प्रसंस्करण, व्यवसाय सहायता सेवाएं प्रमुख हैं।

# भीषण ठंड, आग ही सहारा





**नरसिंहपुर यभाप्र।** समूचा नरसिंहपुर जिला कंपकपाती ठिठुरन की चपेट में है। वहीं आज सुबह अत्याधिक कोहरा होने के चलते दिन में भी कंपकपा देने वाली ठंड का असर रहा। समूचा नरसिंहपुर जिला कड़कड़ाती ठिठुरन की चपेट में है। नर्मदा और अन्य नदियों के तटीय क्षेत्रों, पठारी इलाकों में भी अत्याधिक ठंड पड़ रही है। मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि फिलहाल शीतलहर के साथ-साथ हल्के कोहरे का असर बरकरार रहेगा। कहीं कहीं तीव्र शीतलहर भी चलने की संभावना है।

आज सोमवार को सुबह से तेज ठंड का अहसास नागरिकों को हुआ। नगर की सड़कों पर लोगों द्वारा आग जलाकर हाथ सेकते नजर आये। दोपहर के 12 सूर्य देवता ने दर्शन दिये तब कहीं जाकर नागरिकों को कुछ राहत मिली। जानकारों का कहना है कि आगामी आने वालें दिनों में जिला और अधिक ठंड की चपेट में होगा। सुबह-सुबह कोहरा इतना था कि वाहन चालक अपनी-अपनी गाड़ियों के लाईट जलाते हुए नजर आये। वही जिन लोगों को आवश्यक काम थे वही घर से निकले। कई नागरिक तो अपने-अपने घरों में गद्दा पल्ली में दबे नजर आये।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहा सबसे अधिक ठंड का असर

ग्रामीण अंचलों में सबसे अधिक ठंड का असर रहा। गांवों में खुला क्षेत्र होने के कारण ठंडी हवाओं के चलते ग्रामीण ठंड से दो -चार होते नजर आये।

## कल होने वाली जनसुनवाई तहसील करेली में

**नरसिंहपुर यभाप्र।** जिला कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार 3 जनवरी को आयोजित होने वाली जनसुनवाई तहसील करेली में आयोजित की जायेगी। इस दौरान सभी जिला प्रमुख अनिवार्यतः रूप से मौजूद रहने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जनसुनवाई शाखा कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर ने दी है।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक 4 जनवरी को

**नरसिंहपुर यभाप्र।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में नियत तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# अपराध विवेचना में गाडरवारा जीआरपी थाना प्रभारी को मिला टॉप अवार्ड

### भोपाल में स्थापना दिवस पर खेल प्रतियोगिता का समापन



जबलपुर यशभारत। 156 वां रेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय रेल भोपाल में विभिन्न खेलों के अलावा थाने की कार्यप्रणाली यात्रियों को जागरूक करने के संबंध में की गई कार्रवाई बेस्ट थाना प्रभारी और थाने के व्यक्तिगत रूप से सबसे ज्यादा वारंट तामील करने वाले कर्मचारी को मध्य प्रदेश की तीनों रेल इकाई इंदौर, भोपाल और जबलपुर से चुने गए अधिकारी, कर्मचारियों को रविवार 1 जनवरी 2023 को विशेष पुलिस महानिदेशक रेल भोपाल सुधीर शाही के द्वारा पुरस्कृत किया गया रेल इकाई जबलपुर को, 100 मीटर 200 मीटर और 300 मीटर महिला वर्ग में महिला आरक्षक प्रिया सिंह को एवं पुरुष वर्ग में 100 मीटर 200 मीटर एवं 300 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान आरक्षक शिवम को प्राप्त हुआ है, वालीवाल में भी भोपाल को हराकर, जबलपुर विजेता बना है, कबड्डी में फाइनल मैच में इंदौर विजेता रहा और उपविजेता जबलपुर रहा है, भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान जबलपुर जीआरपी इकाई गाडरवारा थाना प्रभारी राजेश राजकोट ट्रेनों में जहर खुरानी आरोपियों की पतारसी एवं उन्हें अपनी गिरफ्त में लेकर सलाखों के पीछे करने पर मध्यप्रदेश में टॉप अवार्ड देकर सम्मानित किया गया बैडमिंटन के मैच में सिंगल्स में जबलपुर की महिला आरक्षक वर्षा दुबे एवं मिक्स डबल्स में जबलपुर के महिला आरक्षक वर्षा दुबे एवं आरक्षक विजय विजेता रहे हैं. 30, 31 एवं 1 जनवरी को पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित समस्त प्रतियोगिताओं में जबलपुर रेल इकाई ओवर आल प्रथम रही. विशेष पुलिस महानिदेशक के द्वारा ओवरआल प्रथम का पुरस्कार रेल इकाई जबलपुर को दिया गया. खेलों का समापन के बाद आज परेड का भी आयोजन किया गया था. पुरस्कार वितरण के बाद जनवरी के प्रथम सप्ताह में सभी अपनी अपनी इकाई में रेल स्थापना सुरक्षा सप्ताह के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगे.

# खूंटाटोला सहित रामनगर चेक पोस्ट में राजस्व की वृद्धि हेतु कर्मचारी सक्रिय

**अनूपपुर, यशभारत।** छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश में प्रवेश करते ही तीनों परिवहन चौकियों पर वाहनों की जांच की जा रही है और परिवहन विभाग के राजस्व में वृद्धि के लिए अधिकारी सहित कर्मचारी सक्रिय हैं।परिवहन विभाग के द्वारा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर अनूपपुर जिले के रामनगर, खूंटाटोला और कबीर चबूतरा में परिवहन जांच चौकियां बनाई गई है, इन चौकियों पर जांच की जाती है और नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाती है,। नियम के तहत चालानी कार्यवाही भी की जाती है और चालानी कार्यवाही से परिवहन विभाग के राजस्व वृद्धि भी हो रही है मिनाक्षी गोखले महिला अधिकारी की यहां तैनाती की है, जांच और जुर्माने के समय उनके मातहत कर्मचारी भी उपस्थित रहते हैं। यह कर्मचारी पोस्ट से निकलने वाले वाहनों की चेकिंग करते हैं और यदि वह वाहन बिना कागजात या नियम के विपरीत चल रहा है तो उस पर चालानी कार्यवाही भी की जाती है। सूत्र बताते हैं कि कुछ वाहन चालक अपने आप को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति बताते हैं और यदि नियम के तहत उनके वाहनों पर कार्यवाही की जाती है तो अनर्गल शिकवा शिकायत भी करते हैं।

# नये वर्ष की स्वागत वेला में हरसिद्धी मातामंदिर को चढ़ाई चुनरी

तेंदूखेड़ा यभाप्र। नव वर्ष 2023 की स्वागत वेला मे लोगों ने अपने अपने अंदाज मे जशन मनाया। सुबह से ही पुण्यसलीला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट ब्रम्हाण्ड घाट हीरापुर करोंदी बिल्थारी घाटों पर पंहुचकर स्नान कर पूजन अर्चन किया। तथा समीपी ग्राम पीपरवानी के निकट पहाड़ी पर स्थित मृगननाथ धाम पंहुचकर लोगों ने दर्शन लाभ लेते हुये इस रमणीय क्षेत्र मे पिकनिक पार्टी मनाई। नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धी मंदिर मे रवि मंडल के युवाओं द्वारा टाल मोहल्ला से चुनरी यात्रा निकालकर चुनरी चढ़ाई। तथा पंच अग्नि अखाड़ा मंदिर परिसर मे लोगों ने पंचमुखी हनुमान जी का पूजन अर्चन कर धार्मिक आयोजनों मे भाग लिया। हरसिद्धी मंदिर परिसर मे नगर की धर्मसेवा समिति द्वारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम दिनभर चला। साथ ही प्रतिवर्षानुसार हनुमान मंदिर दादा दरबार पुराने थाने के समीप श्री रामरसिया भक्तमंडल के द्वारा 108 सुंदरकांड पाठों का आयोजन सुबह 9 बजे से पूजन अर्चन के साथ किया गया। शाम को हवन पूजन महा आरती के उपरांत पुनः संगीतमय सुंदरकांड चालीसा पाठ भजन इत्यादि प्रसादी वितरण की गई। नगर के टाल मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में रवि मंडल द्वारा 111 सुंदरकांड पाठों का आयोजन के साथ छोटी हरसिद्धी मंदिर मे भी चुनरी चढ़ाई गई। नगर के प्रतिष्ठित बड़ी हरसिद्धी मंदिर परिसर मे शाम को महा आरती का दिव्य आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे नगर के श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



# वैश्य महासम्मेलन का कैलेंडर विमोचित



**गाडरवारा(यश भारत)** विगत दिवस वैश्य महासम्मेलन के तहसील अध्यक्ष राजीव जैन के निवास स्थान पर वैश्य महासम्मेलन 2023 के कैलेंडर का विमोचन वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नवनीत चाचा के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नवनीत चाचा ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है उन्होंने वैश्य समाज के समस्त घटकों से नए वर्ष में जनोन्मुखी कार्य करने की बात कही। उन्होंने वैश्य समाज के भामाशाही कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ समाज सेवी राजेश जैन ने कहा की वैश्य महासम्मेलन ऐसा संगठन है जो समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहता है। विमोचन के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के तहसील अध्यक्ष राजीव जैन ने कैलेंडर की उपयोगिता के बारे में बताया। इस अवसर पर महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री सुनील कोठारी, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, सुलभ जैन, नीलेश कठल युवा इकाई के अध्यक्ष आयुष कठल, गोविन्द अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बेस्ट घटकों के सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आभार नीलेश कठल द्वारा व्यक्त किया गया।

# महाराज श्री का दंडदीक्षा दिवस समारोह परमहंसी गंगा आश्रम में



**गोटेगांव, यशभारत।** प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का दंड दीक्षा दिवस समारोह 2 जनवरी 2023 दिन सोमवार को परमहंसी गंगा आश्रम में मनाया जाएगा उक्त आशय की जानकारी ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज द्वारा हमारे प्रतिनिधि को दी गई। दंड दीक्षा दिवस समारोह की जानकारी देते हुए आगे बताया कि दिनांक 2 जनवरी 2023 दिन सोमवार को सांयकाल 4ः00 बजे पूज्य महाराज श्री की समाधि स्थल परमहंसी गंगा में पूर्ण विधि-विधान के साथ दीप अर्चन एवं जबलपुर से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक रुद्रदत्त दुबे एवं उनकी टीम द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे इसके पश्चात ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा इस हेतु जोर शोर के साथ तैयारी की जा रही है साथ ही बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है सभी समस्त श्रद्धालु जनों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील ब्रह्मचारी ध्यानंद ब्रह्मचारी विमलानंद ब्रह्मचारी अचलानंद ब्रह्मचारी धारा ब्रह्मचारी शारदानंद सुंदर पांडे शारदानंद द्विवेदी टिंकू अग्रवाल ने की है।

## सविता कांग्रेस से पार्षद पद के प्रबल दावेदार



**जैतहरी।** नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 15 से कांग्रेस पार्टी से पार्षद पद की टिकट के लिए सविता राठौर का नाम प्रमुखता से चर्चाओं में है। सविता एवं उनके पति नाथूराम राठौर कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और पार्टी की सेवा सहित वार्ड की समस्याओं एवं लोगों के सुख दुख में हमेशा खड़े रहते हैं। सविता ने बताया कि मैंने हमेशा ही वार्ड के लोगों के सुख दुख में खड़ी रहती हैं और पार्टी के कार्यक्रमों में भी मेरी सहभागिता रहती है यदि पार्टी मुझ पर भरोसा करेंगी तो मैं वार्ड क्रमांक 15 से कांग्रेस भारतीय की टिकट पर मैदान में रहूंगी।

# वैश्य महासम्मेलन की रूपरेखा तय




**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी संस्था वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश महिला इकाई गोटेगांव द्वारा प्रतिमाह आयोजित मासिक बैठक के अंतर्गत गत दिवस अंग्रेजी कैलेंडर नव वर्ष के 2022 समापन एवं 2023 के आगमन पर प्रति माह आयोजित होने वाली बैठक जोकि डॉ राखी अग्रवाल के यहां आयोजित की गई इस बैठक में विगत वर्ष किए गए कार्यो परचर्चा एवं आगामी वर्ष 2023 में संगठन को और गति देने सदस्य संख्या बढ़ाने एवं विभिन्न कार्यो की रूपरेखा तय की गई इस अवसर पर केक काटकर वर्ष 2023 के आगमन का हर्ष मनाया गया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी वितरण किए गए इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन का आकर्षक रंगीन विविध जानकारी से परिपूर्ण वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जिला प्रभारी मंजू सोनी की विशेष उपस्थिति में उपस्थित सभी सदस्यों ने किया उल्लेखनीय है कि यह कैलेंडर पूरे मध्यप्रदेश में संगठन के सदस्यों के 50000 से ऊपर की संख्या में संगठन के परिवारजनों को पूरे मध्यप्रदेश में वितरित किया जाता है इसमें पूरे मध्यप्रदेश के जिला तहसील एवं प्रदेश पदाधिकारियों के फोन नंबर अंकित रहते हैं जिससे किसी भी आवश्यकता पर उनसे संपर्क किया जा सके इस अवसर पर तारा सिंघवी, जिला उपाध्यक्ष रश्मि खरया, जिला मंत्री मीना अग्रवाल, सोनम सिंघवी, नीलम सोनी, मनीषा राय, मोनिका अग्रवाल, सोनाली नामदेव, शर्मीली केसरवानी, ज्योति केसरवानी, तहसील अध्यक्ष रजनी अग्रवाल ने सभी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया एवं आगामी कार्यक्रमों में सहयोग करने की अपील की है।

# नव वर्ष पर पारिवारिक मिलन समारोह



**जबलपुर , यशभारत।** कलचुरी समाज ने नव वर्ष के पावन पर्व पर होटल आरआर रेस्टोरेंट में पारिवारिक मिलन समारोह रख सामाजिक गतिविधियों पर समाज अध्यक्ष मनोहर जोशी द्वारा प्रकाश डाला गया उन्होंने कहा ऐसी आयोजन होते रहना चाहिए जिससे समाज की एकजुटता होती है।इंजीनियर बी डी राय द्वारा जानकारी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की आयोजन होते रहेगे जो समाज समरसता एवं उत्थान के लिए अति आवश्यक है आगामी माह में विशाल आम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी आजीवन सदस्य एवं स्वा जातीय भाइयों को आमंत्रित या जाएगा। आयोजन में मनोहर चौकसेए बी डी रायए जेपी शिवहरेए बीके गुप्ताए शैलेंद्र महाजन मिथिलेश चौकसेएकौशलेंद्र महाजनए रविंद्र चौकसेए संजय महाजनए बृजमोहन चौकसेए राजीव चौकसे राकेश चौकसे एपीके चौधरी एप्सन रायए देवेंद्र चौकसे आदि सपरिवार उपस्थित रहे।

## नेत्रहीन कन्या शाला में 12 जन्मदिवस मनाया



**जबलपुर, यशभारत।** वंशिका मिश्रा, सुपुत्री बीपी् मिश्रा मीना मिश्रा का 12वां जन्मदिन नेत्रहीन कन्या शाला में सारे बच्चों के साथ मनाया वंशिका के मम्मी मीना मिश्रा ने बताया की मन को एक अलग अनुभूति मिली वंशिका का कहना था कि हर वर्ष दादी दादा जी जन्मदिवस के लिए आते थे इस बार कुछ व्यक्तिगत कार्यक्रम के चलते जन्म दिवस के अवसर पर नही आ पाए तो उन्होंने सोचा की क्यूं ना कुछ हट के किया जाए इसी जज्बे से उन्होंने उन नेत्रहीन बच्चों के बीच जन्मदिवस मनाने का फैसला किया जो अपने घर परिवार से कोसों दूर जबलपुर में रहकर अध्यन कर रहे हैं इस बीच में सारे बच्चे भी खूब एंजॉय किए भजनएएवं जन्म दिवस गीत गाकर उन्होंने वंशिका का जन्मदिन सेलिब्रेट कियाए इस मौके पर समाजसेवी दीपक पटेल सपरिवार पधारेए पूर्वा तिवारी समीर मिश्राए क्षिप्रा तिवारी मौजूद रहे।

# कैसे पूरा होगा महिला सशक्तिकरण

**शहडोल, यशभारत।** मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत रही बकहो को नगर परिषद का दर्जा विकास के लिए दिया गया था।मध्य प्रदेश के मुखिया ने अपने भाषण में कहा था कि ग्राम पंचायत को नगर परिषद बनाने के पीछे सरकार की यह मंशा रही है कि नगरीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो और जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। शासन द्वारा चुनाव में 50त्न महिला आरक्षण दिया जाता है ताकि महिलाओं का भी प्रतिनिधित्व भी उभर कर आए।बकहो नगर परिषद अध्यक्ष पद का आरक्षण महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ था तो जाहिर सी बात है कि अध्यक्ष पद पर महिला निर्वाचित हुई किंतु अध्यक्ष के पिता एवं पति के द्वारा सिर्फ अध्यक्ष को दस्तखत के सिवाय निर्णय करने के लिए स्वतंत्र नहीं छोड़ा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष को घरवालों के द्वारा निर्देशित किया गया है कि नगर परिषद के अंदर किसी भी फाइल में बिना हमसे पूछे दस्तखत नहीं करोगी इसलिए अध्यक्ष के द्वारा कोई भी नोटशीट बनती है तो उसकी फोटो कॉपी करके कॉपी घर ले जाती हैं और जब घरवाले उसको फाइनल कर देते हैं तो तब उसमें दस्तखत होता है ।अब ऐसे में शासन द्वारा निर्धारित किया गया 50त्न महिला आरक्षण सिर्फ कागज तक ही सीमित दिख रहा है।

### अध्यक्ष के रिश्तेदारों से परेशान हुआ सीएमओ

सूत्र बताते हैं कि इस समय पूरे नगर में यह चर्चा है कि सीएमओ के ऊपर अध्यक्ष के रिश्तेदारों द्वारा बहुत ही ज्यादा दबाव बनाया जा रहा है और जो कार्य प्रणाली अध्यक्ष के द्वारा परिषद के अंदर की जा रही है उस से त्रस्त होकर सीएमओ ने विभागीय पत्राचार किया है कि मुझे बकहो नगर परिषद के प्रभाव से मुक्त कर दिया जाए।अब यहां सोचने वाली बात यह है कि एक प्रशासनिक अधिकारी जो काफी मेहनत एवं पढ़ाई करने के बाद इस स्तर तक पहुंचा है उसकी हर बात को नजरअंदाज किया जा रहा है यहां तक की पीआईसी की बैठकों में भी सीएमओ की उपेक्षा की जाती है।

### *विकास कार्य पड़े हैं ठप्प

कहने को तो नगर की सरकार बने लगभग 6 माह बीतने को हुए पर अभी तक परिषद द्वारा किसी भी प्रकार का विकास कार्य करने के प्रति उत्साह नजर नहीं आ रहा है पूर्व में जब बकहो पंचायत के रूप में स्थापित थी उस समय भी जो कार्य किए जा रहे थे उन्हें भी अब रोक दिया गया है । नवाचार करने की बात तो दूर है नगर के नागरिकों के लिए जो आधारभूत कार्य कहलाते हैं बिजली, पानी,सड़क,सफाई आदि कार्यों पर भी नगर सरकार का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है।

# अमर शहीद हेमू कालानी शताब्दी वर्ष मनाए जाने हेतु भारतीय सिंधु सभा की बैठक संपन्न



**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय शीतल दास सिंधी धर्मशाला गोटेगांव में भारतीय सिंधु सभा गोटेगांव की अति आवश्यक बैठक का आयोजन भारतीय सिंधु सभा राष्ट्रीय महामंत्री एवं मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य अकादमी निर्देशक राजेश वाधवानी ग्वालियर के मुख्य अतिथि वा भारतीय सिंधु सभा जबलपुर संभाग प्रभारी पूर्व पार्षद टिल्लूमल नहचलानी नरसिंहपुर इकाई अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार लालची धामेचा के विशिष्ट आतिथ्य व सिंधु सभा गोटेगांव के अध्यक्ष गोपाल माधवानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गयाबैठक की प्रारंभिक बेला में सर्वप्रथम आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल जी एवं क्रांतिवीर शहीद हेमू कालानी के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भगवान झूलेलाल के जय घोष व अमर शहीद हेमू कालानी अमर रहे अमर रहे के जयकारे के साथ शुभारंभ किया गयातत्पश्चात बैठक में पधारे भारतीय सिंधु सभा के पदाधिकारियों का स्वागत पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष गुरनामल माधवानी राजू मुलानी एवं खुशाल सुखवानी द्वारा किया गयाबैठक के इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वाधवानी जी ने अमर शहीद हेमू कलानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वर्ष सिंधी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस वर्ष अमर शहीद हेमू कालानी का शताब्दी वर्ष समाज बड़े धूमधाम के साथ राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में दिनांक 31 मार्च 2023 को मनाने जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक माननीय मोहन भागवत जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे साथ ही समाज के अनेक संगठनों के जनप्रतिनिधि गण शामिल होंगेकार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए भारतीय सिंधु सभा भोपाल द्वारा तैयारियां जोर से की जा रही हैं प्रदेश सहित देश के विभिन्न शहरों में सजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया गया हैइस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश दरयानी तीरथ दास माधवानी अशोक दास वाणी लख्मीचंद माधवानी अंकित धामेचा मुरली माधवानी इंजीनियर निखिल धामेचा चिराग मुलानी आशीष माधवानी दीपक कृपलानी विनोद माधवानी बाबू सुखवानी सहित बड़ी संख्या में सजाती बंधु उपस्थित थे बैठक समापन पर उपस्थित जनों का आभार गोपाल माधवानी ने व्यक्त किया।

# मिडवे ट्रीट में पसरी है गंदगी



अनूपपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश सरकार के टूरिज्म विभाग द्वारा मिडवे ट्रीट योजना रास्ते में सफर करने वाले परिवारों की सुविधा को देखते हुए बनाई गई थी शासन द्वारा तय नियम अनुसार लगभग 50 से 60 किलोमीटर की दूरी पर मिडवे ट्रीट नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में बनाए जाएंगे इसमें शौचालय भोजन की उचित व्यवस्था की जाएगी प्रायः यह देखा जाता है कि रास्ते में चलने वाले परिवारों की महिलाओं को टॉयलेट से संबंधित परेशानियां होने लगती है। मिडवे ट्रीट बन जाने से लगभग 1 से 2 घंटे में यह सुविधा लोगों को मिलते रहती है मिडवे ट्रीट के संचालन से संबंधित टूरिज्म विभाग द्वारा एक निश्चित गाइडलाइन जारी की गई है जिसके अंतर्गत शौचालय की व्यवस्थित साफ-सफाई वाशबेसिन की साफ-सफाई एवं खाने की क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जाना है।मिडवे ट्रीट में किसी भी प्रकार की नशे की सामग्री उपलब्ध नहीं होनी चाहिए इन सभी नियमों को किनारे करते हुए अनूपपुर से राजेंद्रग्राम से बीच स्थित किरण घाटी पर मिडवे ट्रीट में प्रायः सफाई की व्यवस्था उचित नहीं मिलती है नए साल के उपलक्ष्य पर भारी संख्या में लोगों का अमरकंटक आना जाना हो रहा था इस समय मिडवे ट्रीट में गंदगी चारों तरफ फैली हुई देखी गई वाशबेसिन चोक पाया गया एवं शौचालय में घुसना भी दूबर समझ आ रहा था।यहाँ लोगों की डिमांड पर बड़े ही आसानी से गुटका पाउच उपलब्ध करा दिया जाता है।

# अब क्रिस्टियानो रोनाल्डो महाडील से हर घंटे कमाएंगे 21 लाख रुपये!

## मेसी-एम्बाप्पे छूटे पीछे

**लंदन,एजेंसी। वर्ल्ड कप में साधाराण प्रदर्शन और बढ़ती उम्र के बावजूद पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मांग नहीं घटी है। मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब से बाहर किए जाने के बाद अब रोनाल्डो पहली बार यूरोप से बाहर निकलकर सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर से जुड़ गए हैं। इसे मध्य पूर्व के फुटबॉल के लिए बड़ी घटना माना जा रहा है।**



अल नासर ने पांच बार के बैलन डी ओर विजेता रोनाल्डो की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है जिसमें वह टीम की जर्सी पकड़े हुए हैं।

रोनाल्डो ने इस क्लब के साथ जून 2025 तक करार किया है। क्लब ने कहा, 'इस करार से न सिर्फ क्लब को अच्छी सफलताएं हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी बल्कि इससे हमारी लीग, हमारे देश और भविष्य की पीढ़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ करने की प्ेरणा मिलेगी।'

### मिला था इससे भी बड़ा ऑफर

रोनाल्डो जब मैनचेस्टर युनाइटेड के साथ थे तब वह प्रति हफ्ते करीब पांच करोड़ रुपये कमा रहे थे। वहीं अब वह हर हफ्ते करीब 34 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करेंगे।

रोनाल्डो को कुछ महीनों पहले सउदी के फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने करीब 3000 करोड़ रुपये की डील के साथ जुड़ने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन तब रोनाल्डो ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था और मैनचेस्टर युनाइटेड के साथ ही जुड़े रहने को चुना था।

मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने यूरोपीय फुटबॉल में वह सब हासिल किया जो मैं कर सकता था और मुझे लगता है कि एशिया में अपना अनुभव साझा करने का यह सही समय है।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो

रोनाल्डो के लिए कतर में खेला गया विश्व कप निराशाजनक रहा था जहां उन्हें नॉकआउट दौर के मैचों में शुरुआती एकादश में शामिल नहीं किया गया था। पुर्तगाल की क्वॉर्टर फाइनल में मोरक्को के हाथों हार के बाद वह रोते हुए मैदान से बाहर निकले थे। रोनाल्डो इससे पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियाल मेड्रिड जैसे चोटी के फुटबॉल क्लबों की तरफ से खेलते रहे हैं जिनके साथ उन्होंने चैंपियंस लीग के खिताब भी जीते।

### फुटबॉल इतिहास का सबसे बड़ा करार!

इस 37 वर्षीय फुटबॉल स्टार का यह करियर का अंतिम करार हो सकता है जिसके लिए उन्हें मोटी धनराशि मिलेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुर्तगाल का यह स्टार इस करार से प्रतिवर्ष 200 मिलियन यूरो (करीब 1775 करोड़ रुपये) की कमाई कर सकता है जिससे वह फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक भुगतान पाने वाला खिलाड़ी बन जाएगा। रोनाल्डो ने एक बयान में कहा कि वह एक अलग देश में नई फुटबॉल लीग का अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं।

### फुटबॉल इतिहास के 5 सबसे बड़े करार

| फुटबॉलर | क्लब | डील |
|---|---|---|
| रोनाल्डो | अल नासर | 1775 करोड़ रुपये |
| किलियन एम्बाप्पे | पीएसजी | 1059 करोड़ रुपये |
| लियोनेल मेसी | पीएसजी | 918 करोड़ रुपये |
| रोनाल्डो | मैनचेस्टर यूनाइटेड | 827 करोड़ रुपये |
| नेमार | पीएसजी | 719 करोड़ रुपये |



# ऋषभ पंत से सूर्यकुमार तक कौन रहा हिट? बीसीसीआई ने जारी किया 2022 का रिपोर्ट कार्ड

**नई दिल्ली,एजेंसी।** साल 2022 के आखिरी दिन शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के नाम जारी किए, जो इस साल खेल के तीनों प्रारूपों में टीम इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे। बीसीसीआई के अनुसार, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे।

टेस्ट का रिपोर्ट कार्ड

बीसीसीआई ने ट्वीट किया, वर्ष 2022 के लिए टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया के लिए टॉप परफॉर्मर्स पर एक नजर। पंत ने सात मैचों में 61.81 की औसत से 680 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन रहा जबकि बुमराह ने पांच मैचों में 22 विकेट लिए।

### वनडे का रिपोर्ट कार्ड

वनडे प्रारूप में श्रेयस अय्यर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज जबकि मोहम्मद सिराज को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। अय्यर ने 17 मैचों में नाबाद 113 के उच्चतम स्कोर के साथ 724 रन बनाए, जबकि सिराज ने 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैचों में 24 विकेट लिए।

### अ20 का रिपोर्ट कार्ड

इस बीच सूर्यकुमार यादव को टी-20 विश्व कप के साथ-साथ विभिन्न द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में शानदार प्रदर्शन के साथ टी-20 प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया और भुवनेश्वर कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया गया। सूर्यकुमार ने 31 मैचों में 117 के उच्चतम स्कोर के साथ 1164 रन बनाए जबकि भुवनेश्वर ने 32 मैचों में 37 विकेट लिए। भारतीय क्रिकेट टीम 2023 की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के साथ करेगी, जिसमें 3 जनवरी से तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच होंगे।




# WWE की खूबसूरत बला



## जिसके इशारे पर 56 इंच की छाती वाले खूंखार पहलवान भी लगाते हैं रिंग में गुलाटी!

WWE यानी वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट की जब भी बात होगी तो उसकी अघोषित रानी यानी स्टेफनी मॅकमहन की चर्चा जरूर होगी। WWE के बड़े-बड़े सितारे भी उनके इशारे पर रिंग में नाचते हैं। एक लाइन में कहा जाए तो वह अपने पिता की विरासत आगे बढ़ा रही हैं और सर्वेसर्वा हैं। स्टेफनी मॅकमहन पिछले कुछ सालों से अमेरिकी की टॉप बिजनेस वुमन में शामिल रही हैं। 2022 भी ड्ड्ड्श के लिए शानदार रहा है और विंस मॅकमहन की बेटी ष्टश्वह्र पद पर बरकरार हैं। कहा जाता है कि ड्ड्ड्श में जो कुछ होता है वह सब स्टेफनी के इशारे पर ही होता है। उनकी इजाजत के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता।

### स्टेफनी मॅकमहन रिंग में भी दिखाती हैं जलवा

ऐसा नहीं है कि स्टेफनी अचानक से सर्वेसर्वा बनीं। वह इस बिजनेस के लिए बचपन से तैयारी कर रही थीं। बहुत कम उम्र में ही रेसलिंग शुरू कर दी थी।

### द रॉक को मारा गया थप्पड़ आज भी याद

फिलहाल एक्टिंग की दुनिया के बादशाह द रॉक यानी ड्वेन जॉनसन ड्ड्ड्श के स्टार रेसलर रहे। रिंग में स्टेफनी का उन्हें थप्पड़ मारना आज भी WWE के फैंस के जेहन में जिंदा है।

### जॉन सीना संग भी खूब जमी थी जोड़ी

स्टेफनी जब यंग थीं तो उनकी रिंग में जॉन सीना के साथ भिड़ंत भी खूब लोगों को पसंद आई थी।

### पिता फाउंडर तो पति ट्रिपल-एच बड़े रेसलर

पिता विंस मॅकमहन WWE के फाउंडर हैं, जबकि स्टेफन के पति ट्रिपल-एच बड़े रेसलर रहे हैं। फिलहाल ट्रिपल एच WWE के Chief Content Officer Head of creative हैं।

स्टेफनी 2003 से WWE में एक्टिव हैं और फिलहाल चेयरवुमन हैं। वह अक्सर रिंग में भी उतरती हैं।



# मोनालिसा ने पति को किया लिप KISS, बेशरम रंग पर झूमे मियां बीवी

**मुंबई, ईएमएस।** मोनालिसा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटोज और वीडियोज को लेकर चर्चा में रहती हैं। मोनालिसा की हर अदा के फैंस दीवाने हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने नए साल के जश्न का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपने पति विक्रांत संग झूमती नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरुआत में इस लव बर्ड ने लिप किस किया, जिसपर फैंस के रिएक्शन काफी मजेदार हैं।मोनालिसा ने साल 2023 का स्वागत बड़े शानदार तरीके से किया। एक्ट्रेस और उनके पति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन का ढेर सारा वीडियो शेयर किया है। इन वीडियोज में आतिशबाजी और खूबसूरत नजारें भी देखने को मिल रहे हैं। मोनालिसा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, च्पूरी दुनिया को हैप्पी न्यू ईयर, साल 2023 का स्वागत खुशी और अपने जीवनसाथी के साथ।



### फैंस का रिएक्शन

मोनालिसा और विक्रांत के वायरल हो रहे पार्टी वीडियो पर फैंस ने जमकर रिएक्ट किया है। एक यूजर ने लिखा, च्मुझे मोनालिसा को देखकर जलन हो रही है।ज वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, च्इनका प्यार सबसे अलग है, ऐसे ही हंसते रहना मोनालिसा।

# खुल्लम खुल्ला प्यार करेंगे हम दोनों...श्रद्धा आर्या-राहुल नागल का लिप Kiss देख फैंस भी फरमाए

**मुंबई, ईएमएस।** टीवी एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या अक्सर अपने ग्लैमरस अवतार के चलते छाई रहती हैं। सोशल मीडिया पर वह अपनी लाइफ की झलकियों को साझा करती हैं। न्यू ईयर 2022 का मौका है और उनका गॉर्जियस अवतार इंस्टाग्राम पर सामने आ चुका है। वह तस्वीरों में पति राहुल नागर के साथ लिप लॉक किस करती नजर आ रही हैं। नए साल के जश्न में डूबी श्रद्धा के ढेर सारे फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं जिनमें वह एकदम कातिलाना अंदाज में दिख रही हैं। बता दें श्रद्धा आर्या ने सिर्फ सीरियल्स में ही नहीं बल्कि फिल्मों में भी काम किया है। वह जल्द ही करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी नजर आने वाली हैं।



श्रद्धा आर्या न्यू ईयर के मौके पर काम से फ्री होकर पति के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं। इस मौके पर वह ब्लू आउटफिट में नजर आईं। उनका स्टाइल और लुक इतना प्यारा है कि लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। नए साल की शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धा आर्या ने पति के साथ लिप किस करते हुए तस्वीर शेयर की। दोनों की रोमांटिक तस्वीर देख फैंस भी कपल को बधाई देने लगें।

### श्रद्धा आर्या की टूटी थी सगाई

बता दें श्रद्धा आर्या की सगाई साल 2015 में एनआरआई जयंत के साथ हुई थी। मगर दोनों के बीच सब ठीक नहीं रहा और इस वजह से दोनों की ये एंगेजमेंट टूट गई। इसके बाद वह नच बलिए में अलाम सिंह मक्कर के साथ बतौर कपल नजर आईं। मगर शो के बाद उनका ब्रेकअप हो गया।

# दिशा परमार ने भी छोड़ा च्बड़े अच्छे लगते हैं 2, बोलीं- मैं 5 साल की बेटी की मां बनी, अब और नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** टीवी एक्ट्रेस दिशा परमार च्प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्याराज में पंखुड़ी की भूमिका निभाने के बाद हर घर में फेमस हो गई थीं। एक्ट्रेस अब च्बड़े अच्छे लगते हैं 2ज की प्रिया बनकर दिल जीत रही हैं। एकता कपूर का शो हाल ही में खबरों में आया था, जब नकुल मेहता के शो छोड़ने की खबरें सामने आई थीं। खैर, शो एक बार फिर सुर्खियों में है और ऐसा इसलिए है क्योंकि दिशा भी शो छोड़ रही हैं। उनका कारण शायद आपको हैरान कर सकता है। हां, आपने उसे सही पढ़ा है। च्बड़े अच्छे लगते हैं 2ज की दिशा परमार भी अब शो छोड़ रही हैं। डेली सोप सालों तक चलते हैं और हम न केवल एक्टर या एक्ट्रेस की उम्र देखते हैं बल्कि उनके कैरेक्टर्स की उम्र बड़ी जल्दी बढ़ती चली जाती है। चरित्र की उम्र बढ़ना कुछ ऐसा नहीं है, जिसके साथ दिशा फिलहाल ठीक नहीं हैं और इसलिए वह शो छोड़ रही हैं लेकिन नए प्रोजेक्ट्स की ओर बढ़ रही हैं। एक अंग्रेजी दैनिक से हाल ही में बातचीत के दौरान दिशा परमार ने च्बड़े अच्छे लगते हैं 2ज में अब प्रिया की भूमिका नहीं निभाने के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शो से क्यों अलग हो रही हैं, उन्होंने कहा, च्पहले भी, जब मेकर्स ने एक छलांग लगाई थी और मुझे एक पांच साल की बच्ची की मां का रोल करना था, मेरी अपनी आशंकाएं थीं। लेकिन, तब ट्रैक बहुत दिलचस्प था और मैंने इसका लुत्फ उठाया। मैंने इसके साथ आगे बढ़ने का फैसला किया और यह एक शानदार अनुभव था



# 12 महीने, 18 फिल्में और 10 सुपरस्टार... नया साल है एकदम पैक



## शाहरुख-सलमान पर टिकी नजरें

**मुंबई, ईएमएस। बीते साल जब लगातार अक्षय कुमार, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह और वरुण धवन जैसे सितारों की फिल्में लगातार फ्लॉप हुई, तो फिल्म इंडस्ट्रीवालों का कहना था कि अभी बॉलीवुड के तीन इक्के यानी कि तीन खान आमिर, शाहरुख और सलमान बाकी हैं। यह बात और है कि उसके बाद अगस्त में बॉलीवुड का पहला इक्का यानी आमिर भी ढेर हो गया। आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ भी नहीं कमा पाई।**

यही नहीं, इस फिल्म की जबर्दस्त असफलता के बाद आमिर खान ने फिल्मों में काम करने से कुछ वक्त का ब्रेक भी ले लिया है। जबकि शाहरुख खान पहले ही 2018 में आई अपनी फिल्म जीरो के सुपर फ्लॉप होने के बाद चार साल लंबा ब्रेक ले चुके हैं। बहरहाल, अब नए साल 2023 से फिल्म इंडस्ट्रीवालों को अपने बचे हुए दोनों इक्कों सलमान और शाहरुख से उम्मीदें हैं कि ये सितारे सिनेमाघरों पर न सिर्फ फिर से रौनक लौटा सकते हैं, बल्कि हाउसफुल के बोर्ड टंगवाने का भी दम रखते हैं। शाहरुख की जहां इस साल तीन फिल्में आएंगी, वहीं सलमान खान भी तीन फिल्मों में नजर आएंगे। साल की शुरुआत शाहरुख की रिपब्लिक डे रिलीज फिल्म पठान से होगी।

फरवरी मार्च में कार्तिक और अजय

इसके बाद फरवरी महीने वैलंटाइंस डे पर बॉलीवुड की यंग जेनरेशन के फेवरिट हीरो कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा रिलीज होगी। यह फिल्म तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म अलाबैंकुठपुरमलो की रीमेक है। फिल्म के टीजर को फैंस की ओर से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। वहीं 17 फरवरी को अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान रिलीज होगी। इसमें अजय देवगन आधुनिक भारत में फुटबॉल के शिल्पी माने जाने वाले सैयद अब्दुल रहीम के रोल में हैं। जबकि इसके अगले हफ्ते अक्षय कुमार और इमरान हाशमी एक साउथ फिल्म की हिंदी रीमेक सेल्फी में नजर आएंगे। मार्च में होली पर रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की लंबे समय से रिलीज की बाट जोह रही फिल्म तू झूठी मैं मक्कार रिलीज होगी। हाल ही में रिलीज किए गए इस रोमांटक फिल्म के टीजर को फैंस ने काफी पसंद किया है। वहीं मार्च के आखिर में अजय देवगन की फिल्म भोला रिलीज होगी। साउथ की सुपरहिट फिल्म कैथी की रीमेक इस फिल्म का पिछले दिनों रिलीज हुआ टीजर सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हुआ है।

### ईद पर सलमान, छुट्टियों में शाहरुख

अप्रैल के महीने में ईद पर सुपरस्टार सलमान खान अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेंगे। हालांकि पिछले दिनों सलमान अंतिम फिल्म में एक छोटे रोल में नजर आ चुके हैं। लेकिन उनकी बाकायदा लीड करैक्टर में वापसी 2019 में आई दबंग 3 के बाद अब 2023 की ईद पर ही होगी। वहीं इसके अगले हफ्ते फिल्म गली बॉय की सुपरहिट जोड़ी रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी रिलीज होगी। इस फिल्म से करण जौहर लंबे अरसे बाद बतौर डायरेक्टर वापसी कर रहे हैं। इसके बाद गर्मियों की छुट्टियों यानी कि जून के महीने में बॉक्स ऑफिस पर खूब रौनक नजर आएगी। 2 जून को जहां शाहरुख खान साउथ डायरेक्टर एटली की फिल्म जवान में नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख के साथ साउथ के सुपरसितारे नयनतारा और विजय सेतुपति भी दिखेंगे।

### जून, जुलाई, अगस्त में बैक टू बैक धमाके

वहीं 16 जून को प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म आदिपुरुष रिलीज होगी। पहले यह फिल्म इस साल जनवरी में रिलीज होनी थी, लेकिन इसके टीजर का विरोध होने पर निर्माताओं ने इसके वीएफएक्स में सुधार के लिए इसे पोस्टपोन कर दिया। वहीं जून के आखिरी दो हफ्तों में दो कॉमेडी फिल्में आयुष्मान खुराना ड्रीम गर्ल 2 और कार्तिक आर्यन की सत्य प्रेम की कथा रिलीज होगी। जबकि अगस्त के महीने की शुरुआत रणबीर कपूर की जोरदार एक्शन फिल्म एनिमल से होगी। कबीर सिंह जैसी सुपरहिट फिल्म के डायरेक्टर रहे संदीप वांगा रेड्डी की इस फिल्म में रणबीर के अपोजिट नैशनल क्रश कही जाने वाले ऐक्ट्रेस रश्मिका मंदाना होंगी। वहीं इंडिपेंडेंस डे के मौके पर इस साल द कश्मीर फाइल्स जैसी सुपरहिट फिल्म दे चुके डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री अपनी अगली फिल्म द वैक्सीन वॉर रिलीज करेंगे। दशहरा और गांधी जयंती की रिलीज डेट पर प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म सालार रिलीज होगी, जिसे केजीएफ फेम डायरेक्टर प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया है।

### अक्षय-टाइगर वर्सेज किंग खान

नए साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म से हो रही है, तो साल का एंड भी उनकी फिल्म से ही होगा। जी हां साल के आखिर यानी कि क्रिसमस शाहरुख खान की इस साल रिलीज होने वाली तीसरी फिल्म डंकी सिनेमाघरों में आएगी। खास बात यह है कि इस फिल्म के डायरेक्टर थ्री इडियट्स, पीके, मुन्ना भाई और संजू जैसी सुपरहिट फिल्मों के डायरेक्टर राजकुमार हिरानी होंगे। जबकि इस फिल्म में किंग खान के अपोजिट तापसी पन्नू नजर आएंगी। हालांकि क्रिसमस पर शाहरुख का मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी होगी। जी हां, क्रिसमस पर अक्षय और टाइगर की एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी रिलीज होगी। यानी कि नए साल का क्रिसमस काफी धमाकेदार होने वाला है। हालांकि इससे पहले दिवाली भी कम जोरदार नहीं होगी। दरअसल, दिवाली पर सलमान खान की सुपरहिट टाइगर सीरीज की तीसरी फिल्म टाइगर 3 रिलीज होगी, जिसमें उनके अपोजिट कैटरीना कैफ हैं। चर्चा तो यह भी है कि इस फिल्म में शाहरुख भी एक खास कैमियो में नजर आएंगे। यानी कि 2022 भले ही हिंदी फिल्मों के चाहने वालों के लिए उतना जोरदार नहीं रहा हो, लेकिन 2023 में फिल्मों का लाइन अप काफी धमाकेदार रहने वाला है।



### अगले साल आने वाली फिल्में

| | |
|---|---|
| रिपब्लिक डे | - पठान - शाहरुख खान |
| 10 फरवरी | - शहजादा - कार्तिक आर्यन |
| 17 फरवरी | - मैदान - अजय देवगन |
| 24 फरवरी | - सेल्फी - अक्षय कुमार |
| होली | - तू झूठी मैं मक्कार - रणबीर कपूर |
| 30 मार्च | - भोला - अजय देवगन |
| ईद | - किसी का भाई किसी की जान - सलमान खान |
| 28 अप्रैल | - रॉकी और रानी की प्रेम कहानी - रणवीर सिंह |
| 2 जून | - जवान - शाहरुख खान |
| 16 जून | - आदिपुरुष - प्रभास |
| 23 जून | - ड्रीम गर्ल 2 - आयुष्मान खुराना |
| 30 जून | - सत्य प्रेम की कथा - कार्तिक आर्यन |
| 11 अगस्त | - एनिमल - रणबीर कपूर |
| इंडिपेंडेंस डे | - द वैक्सीन वॉर - विवेक अग्निहोत्री |
| दशहरा | - सालार - प्रभास |
| दिवाली | - टाइगर 3 - सलमान खान |
| क्रिसमस | - डंकी -शाहरुख खान |
| क्रिसमस | -बड़े मियां छोटे मियां -अक्षय टाइगर |

# नववर्ष के दूसरे दिन भी हत्या?

## पनागर के निर्माणाधीन मकान में मिला युवक का संदिग्ध शव, पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर, यशभारत। नववर्ष की रात को जहां रांझी थाना अंतर्गत झंडा चौक में युवक को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया तो वहीं पनागर के देवरी में पार्टी कर रहे एक युवक का निर्माणाधीन मकान में शव मिलने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर में कोई जाहिर चोट के निशान नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि युवक की गला दबाकर हत्या की गई है।**


युवका का जीवित अवस्था का चित्र, दूसरे चित्र में विलाप करते हुए परिजन

अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल मुस्तैद पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि देवरी में धनश्याम केशरवानी के निर्माणाधीन मकान में आज सुबह सचिन केवट 26 साल पिता सुरेन्द्र केवट देवरी पनागर का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु रवाना किया। युवक के शरीर में चोट के निशान नहीं है, जिससे मौत की आशंका ठंड लगने के कारण भी हो सकती है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है।

### दोस्तों संग की पार्टी

देवरी में युवक का शव मिलने के बाद बताया जा रहा है कि देर रात मृतक ने अपने दोस्तों के साथ यहां निर्माणाधीन मकान में जमकर शराब पार्टी की। लेकिन उसके बाद अचानक ऐसा क्या हुआ कि मृतक के दोस्त उसे छोड़कर भाग गए। इतना ही नहीं परिजनों को बेटे की खबर उसके दोस्तों ने क्यों नहीं दी? पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है।

### सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही पुलिस

मर्ग जांच के दौरान अब पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने में जुटी है। मृतक किन दोस्तों के साथ निर्माणाधीन मकान में गया था, पुलिस अब इस बात का पता लगाने में लगी है। जिसके चलते मृतक के परिचितों, परिजनों और आसपास केलोगों के कथन लिए जा रहे है। जिसके बाद ही सच्चाई का खुलासा हो सकेगा।

# सूपाताल में दो बाइकों में सीधी भिड़ंत, एक की मौत

## दूसरा गंभीर रूप से घायल

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा थाना अंतर्गत सूपाताल में देर रात दो बाइकों में सीधी भिड़त हो गयी। जन्मदिन मनाकर घर लौट रहे दूसरी बाइक सवार ने हेंडल डिवाइडर की तरफ कर दिया। जिससे टकराने के बाद युवक और उसका दोस्त वाहन समेत रोड से दस फिट दूर, सिर के बल जा गिरे। जिसमें चाय दुकान के कर्मी की दर्दनाक मौत हो गयी तो वहीं दूसरा युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गए। पूरा मामला रात के करीब 3 बजे का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कंजा सेठ ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उसकी मेडिकल कॉलेज के पास चाय की दुकान है। जिसमें राजू केवट उर्फ खान 30 साल कर्मचारी है। जो कल रात को उनके घर में जन्मदिन की पार्टी में आया था। उसका और उनके बच्चे का एकसाथ जन्म दिन था। जिसके बाद वह घर लौटकर जा रहा था।


युवक का जीवित अवस्था का चित्र

### दोस्त को छोड़ने गया था

जानकारी अनुसार मृतक पार्टी से लौटकर अपने दोस्त सुभम रजक को घर छोड़ने गया था। जहां सूपताल में बाइक क्रमांक एमपी 20 एनक्यू 0997 के बेकाबू बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान राजू केवट ने बाइक डिवाइडर की तरफ मोढ़ दी। जिससे टकराने से दर्दनाक मौत हो गयी तो वहीं सुभम रजक बुरी तरह घायल हो गया। जो अस्पताल में इलाजरत है।

# कोहरा, धुंध, सर्द लहर, चिलचिलाती ठंड

**जबलपुर, यशभारत।** हिमालय से आ रही सर्द हवाओं के असर से वर्ष 2023 के दूसरे दिन पारे ने जोरदार गोता लगाया। नए साल की शुरुआत के साथ ही मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को नए साल के पहले सप्ताह के पहले दिन चिलचिलाती ठंड और कोहरे के साथ लोगों की नींद खुली। धूप के बीच धुंध छाई हैं। ठंड का यह दौर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि हिमालय से आने वाली सर्द हवाओं के असर से जबलपुर समेत समूचे महाकौशल अंचल में शीतलहर जैसे हालात बन गए हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में हिमालय से आने वाली उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण मौसम के मिजाज में बदलाव आया है। इसके चलते उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। अगले 24 घंटों में भी इतनी ही गिरावट की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि आठ जनवरी तक घना कोहरा और शीतलहर की स्थिति बनी रह सकती है।मौसम विभाग ने कहा है कि तापमान में गिरावट का दौर सोमवार को भी जारी रहेगा और रात के तापमान में एक से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। सोमवार को कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। ऐसी ही सर्दी अगले तीन-चार दिनों तक सताती रहेगी।आज सुबह से ही जबलपुर घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है।मौसम विभाग के मुताबिक, 5-6 जनवरी को मावठा भी गिर सकता है। इसकी एंट्री जबलपुर से होगी। ईस्ट एमपी में पानी गिर सकता है। अगर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनता है, तो तापमान में तेजी से गिरावट होगी। जबलपुर, और आसपास के जिलों में दो दिन बारिश हो सकती है। महाकौशल में पारा 7 से नीचे जा सकता है। अगर पश्चिमी विक्षोभ बहुत स्ट्रॉन्ग होता है, तो ओले भी गिर सकते हैं। ऐसे में ठंड ज्यादा पड़ सकती है। कई इलाकों में तापमान 4 डिग्री तक जा सकता है, लेकिन यह संभावना पश्चिमी विक्षोभ पर निर्भर करेगी। इस सर्द सीजन में अब तक तेज ठंड और घने कोहरे को तरस रही संस्कारधानी नए साल के दूसरे दिन ठिठुरन की जकड़ में आ ही गया। आज सुबह घना कोहरा था। सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक शहर के ज्यादातर इलाकों में विजिबिलिटी कम रही। एयरपोर्ट रोड पर जहां यह 200 मी. थी, तो हाइवे पर 1000 मी. के आसपास। ढाई घंटे ऐसा ही नजारा दिखता रहा। कोहरे के साथ ही ठंडी हवा भी चली, जिससे तापमान गिर गया। सुबह तापमान सामान्य से 1 डिसे कम 8.7 दर्ज किया गया जबकि आद्रता 90 प्रतिशत रही। रविवार का अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान 9 डिसे था। गत वर्ष आज तापमान 21.9 और 10 डिसे था। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से बर्फ पिघलने के बाद हमारे यहां बर्फीली हवा आई। इससे विंड चिल फैक्टर प्रभावी रहा। इसीलिए ठंडक बढ़ी। नॉर्थ इस्टरली विंड के कारण ठंड बढ़ सकती है। नॉर्थ में बर्फबारी होती है, तो यह फिर स्ट्रांग हो जाने से तापमान में भारी गिरावट हो सकती है।



### हिमालय से आने वाली उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण सर्दी

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में हिमालय से आने वाली उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई और अगले 24 घंटों में भी इतनी ही गिरावट की संभावना है।आगामी दो से तीन दिनों के दौरान पश्चिम मध्यप्रदेश में भी कहीं-कहीं के क्षेत्रों में घने कोहरे की संभावना है। जनवरी के पहले सप्ताह की बात करें तो आगामी आठ जनवरी तक उत्तर पश्चिम मध्यप्रदेश के कहीं-कहीं के इलाकों में में घना कोहरा और शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है।

# रिश्ता टूटने पर बहन पर कुल्हाड़ी से हमला

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर की नई बस्ती में बहन के कहने पर भाई के विवाह का रिश्ता टूटने की रंजिश को लेकर आग बबूला हुए भाई ने बहन के ही ऊपर कुल्हाड़ी से सिर में हमला कर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। पुलिस को श्रीमती मदीना बी 50 वर्ष निवासी नई बस्ती गोहलपुर ने बताया कि बीड़ी बनाने का काम करती है 6 माह पहले चाचा के बेटे इशरार अहमद की शादी अहमदनगर में लगी थी उसी समय उसने इशरार से बोला था कि रिश्ता ठीक नहीं है। शादी मत करना । इसी बात पर इशरार उससे रंजिश रखता है । देर रात इशरार अहमद उसके घर आया और पुरानी रंजिश को लेकर घर के सामने आकर उसे गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो कुल्हाड़ी से हमलाकर सिर, जबड़ा हाथ में चोट पहुँचा दी उसका लड़के ने बीच बचाव किया तो इशरार अहमद जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

**सिर में किए ताबड़तोड़**










# ओमती पेट्रोल पंप कर्मी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

## जबरन पेट्रोल डलवाने की जमकर मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती थाना अंतर्गत पंप में पेट्रोल डलवाने आए स्कूटी सवार चार युवक, जबरन पंप कर्मी से पेट्रोल डलवाने के लिए अड़ गए। जब पंप कर्मी ने मना किया तो जमकर गालीगलौच करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ वार कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, हमलावरों की तलाश में जुटी है।



जानकारी अनुसार पुलिस को राहुल सेन 19 वर्ष निवासी सुखसागर वेली के पास ग्वारीघाट ने बताया कि पुल नम्बर 2 के पास पेट्रोलपम्प पर काम करता है। देर रात वह पेट्रोल पम्प पर था तभी 2 एक्सिस स्कूटी में सवार चार युवक आए। जिसमें एक एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एस डब्ल्यु 7722 तथा दूसरी एक्सिस बिना नम्बर की थी । सभी गाली गलौज करते हुये पेट्रोल डालने के लिये अड़ गए। उसने गालियां देने से मना किया तो मारपीट करते हुए चाकू से हमलाकर घायल कर दिया।










## राजू पहलवान का देवलोक गमन



**जबलपुर।** जागरूक मजदाता संघ के अध्यक्ष और अपने समय के जाने माने धावक रहे घमंडी चौक, लॉर्डगंज निवासी राजेश जैन (राजू पहलवान) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे भाजपा नेता हर्षित सिंघई के पिता एवं विशाल सिंघई के चाचा थे। अंतिम यात्रा निज निवास से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां हुए अंतिम संस्कार में समाज के सभी वर्ग के लोग, जनप्रतिनिधि, खेल संघ के पदाधिकारी और खिलाड़ियों ने दिवंगत को अश्रुपूरित विदाई दी।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)